हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 14 अगस्त 2026

तापमान
अधिकतम 30.7 डिग्री
न्यूनतम 26.8 डिग्री

सिरगिट्टी अंडर ब्रिज में सड़क के दोनों ओर मवेशियों का डेरा।

खबर संक्षेप

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़, तिरंगा यात्रा आज

बिलासपुर। जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 14 अगस्त को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ (तिरंगा यात्रा) का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 7.30 बजे से शुरू होगा। वंदेमातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर तिरंगा यात्रा को भी इस आयोजन में शामिल किया गया है। स्वतंत्रता दौड़ के पूर्व वंदेमातरम् का सामूहिक गायन किया जाएगा। इसके बाद प्रतिभागी नेहरू चौक से सवेरे 7.30 बजे दौड़ शुरू करेंगे। यात्रा देवकीनंदन चौक, कम्पनी गार्डन, राघवेन्द्र राव सभा भवन, सदर बाजार और गोल बाजार मार्ग से होते हुए पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभाभवन स्थित लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय परिसर में पहुंचकर संपन्न होगी। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने नागरिकों से देश के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया है।

बिजली तार में नार मेंटेनेंस का पता नहीं

बिलासपुर। वेयर हाऊस रोड से सिंचाई विभाग जाने वाले मार्ग पर पेड़ से लगे बिजली के तार में लंबी-लंबी नार लटक रही है। नार इतनी लंबी है कि कभी भी तार के संपर्क में आने के कारण शार्ट सर्किट या कोई अन्य बड़ी घटना हो सकती है। बारिश के दौरान बिजली विभाग द्वारा शहर के विभिन्न स्थलों में घूम-घूमकर मेंटेनेंस के अंतर्गत इस तरह के पेड़ों की छंटनी कर तार से अलग किया जाता है, ताकि कोई दुर्घटना न हो सके। इसके विपरीत इस स्थान पर विद्युत विभाग के मेंटेनेंस करने वाले अमले की नजर अब तक नहीं पड़ी है। मानो विभाग को किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार हो।

समूह की महिलाएं बेच रहीं हस्त निर्मित राखी और झंडा

बिलासपुर। स्व सहायता समूह की महिलाएं अपने आपको आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से अपने हाथों से राखी और झंडा बनाकर बेच रही हैं। इसके अंतर्गत जिला पंचायत गेट पर समूह की महिलाओं ने अपनी अस्थायी दुकान सजाकर रखी है। सांई महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने हाथ से झंडा तैयार कर बिक्री के लिए रखा है, जबकि तुलसी महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं राखी बेच रहीं हैं। समूह की महिलाओं ने आम लोगों से अच्छा रिस्पांस मिलने की बात कही है। अब तक उनकी बिक्री भी संतोषजनक रही।

नो पार्किंग में तीन सौ जुर्माना और वहीं दर्जनों वाहन

बिलासपुर। एसपी ऑफिस के ठीक सामने टाऊन हॉल से वेयर हाऊस की ओर जाने वाली सड़क पर नगर निगम द्वारा सड़क को नो पार्किंग जोन में रखा गया है। यहां वाहनों की पार्किंग करने की स्थिति में चालकों से तीन सौ रूपए जुर्माना लिए जाने की जानकारी भी लिखकर टांग दी गई है। हालत यह है कि वाहनों की गलत पार्किंग करने वालों की संख्या इतनी हो गई है कि तीन सौ रूपए पेनाल्टी का भी किसी पर कोई असर नहीं हो रहा है। जिस जगह तीन सौ रूपए पेनाल्टी लेने की जानकारी टांगी गई है।

सिम्स का फारेंसिक डॉक्टर फरार, 35 से अधिक पीएम रिपोर्ट अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

सर्पदंश से मौत के फर्जी दस्तावेज के मामले में फरार आरोपी डाक्टर के चलते सिम्स में 35 से अधिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट लंबित है। पीएम रिपोर्ट नहीं मिलने के कारण मृतक के परिजन एलआईसी दावा आपत्ति और जमानत के लिए चक्कर काट रहे हैं। खास बात यह है कि सिम्स और पुलिस ने इस मामले में हाथ खड़ा कर दिया है, जिसके बाद से परिजनों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

पिछले 3 माह से सर्पदंश का मामला छाया हुआ है, जिले के सबसे बड़े अस्पताल सिम्स से

- सर्पदंश मामले में फरार है डाक्टर एसएन गोले
- जांजगीर, मुंगेली और अन्य जिलों से पहुचतें है परिजन

शुरू हुए मामले में अबतक 19 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, लेकिन मामले में कई आरोपी अभी भी फरारी काट रहे हैं। मामले में सिम्स के तत्कालीन फारेंसिक विभाग के डाक्टर और पीएम एक्सपर्ट डॉ एसएन गोले भी फरार चल रहे हैं। पुलिस उनकी सरगर्मी से तलाश कर रही है, लेकिन डॉ गोले के फरार रहने से सिम्स के 35 पीएम प्रकरण लंबित है। इन पीएम रिपोर्ट पर डॉ गोले के ही हस्ताक्षर होने है, लेकिन फरार होने के बाद से अब तक पीएम रिपोर्ट नहीं मिल सकी है। पुलिस विभाग के अनुसार ऐसे 35 मामले हैं, जिसमें पीएम रिपोर्ट का इंतजार है। पीएम रिपोर्ट के इंतजार में कई पुलिसिया केस में जमानत अर्जी तक नहीं सुनी जा रही है, वहीं एक्सीडेंटल इंश्योरेंस क्लेम, एलआईसी क्लेम तक अटक चुके हैं। पीएम रिपोर्ट के लिए परिजन जांजगीर, मुंगेली और जिले के दूर दराज से सिम्स की चौकी और फारेंसिक विभाग के चक्कर काटने को मजबूर है।

कानूनी पेंच फंसा, डॉक्टरों ने खड़े किए हाथ

बताया जा रहा है कि डॉ एसएन गोले कई सालों से सिम्स में पीएम रिपोर्ट जारी करते रहे हैं, उन्होंने जिन मृतकों के शव का पीएम किया है, उसकी रिपोर्ट भी उन्हें ही देनी है। अन्य डाक्टर चाह कर भी रिपोर्ट नहीं दे सकते हैं। डाक्टरों का कहना है कि कानूनी दांव के कारण जिन डाक्टरों के द्वारा पीएम किया जाता है, उन्हें ही हस्ताक्षरित पीएम रिपोर्ट विभाग और पुलिस को सौंपनी पड़ती है। ऐसा नहीं करने पर डाक्टर के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया के तहत सजा का प्रावधान भी है।

अंबिकापुर में बर्खास्त हो चुके थे डा. गोले

सूत्रों के अनुसार साल 2021 में डॉ एसएन गोले शासकीय रघुनाथ जिला अस्पताल अंबिकापुर में संविदा डाक्टर के पद पर काम कर रहे थे और पीएम करने के दौरान डाक्टर गोले ने परिजनों से पीएम के एवज में 50 हजार रूपए रिश्वत के तौर पर मांगे थे, परिजनों ने 10 हजार रूपए दिए थे। इस दौरान मामला जमकर उठा था और तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के संज्ञान में आने के बाद डॉ एसएन गोले को बर्खास्त कर दिया था।

जानकारी ली जाएगी | पीएम रिपोर्ट वही डाक्टर दे सकता है, जिसने मृत बॉडी को देखा है और उसका बिसरा लिया है। डॉ गोले सिम्स में उपस्थित नहीं हो रहे है। पीएम रिपोर्ट क्यों नहीं मिल रही है, इसकी जानकारी विभाग से ली जाएगी लेकिन किसी अन्य डाक्टरों को पीएम रिपोर्ट देने के लिए नहीं लगाया जा सकता है।
-डॉ रमणेश मूर्ति, डीन, सिम्स

नाले के ऊपर बांस से बनाए गए पुल को पार करते बच्चे। फोटो : प्रकाश परिहार

इसी के सहारे आना जाना करते हुए, कई बार स्कूली बच्चे गिरकर घायल भी हुए

महमंद के 30 परिवार घरों में कैद, खुद ही बांस-बल्ली का बना लिया पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महमंद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 4 के 30 से अधिक परिवारों के लिए पिछले 15 दिनों से आने-जाने का कोई रास्ता नहीं है। यह परिवार एक तरह से घरों में कैद होकर रह गए हैं। दरअसल इस क्षेत्र में नाला बनाने के लिए खोदाई की गई थी। काम तो पूरा नहीं हुआ बल्कि पूरा रास्ता बंद हो गया।अब बारिश के कारण इस रास्ते में पानी भर गया है। इससे यह परिवार परेशान हैं। कई जगहों पर मांग भी की गई लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। कहीं सुनवाई नहीं हुई तो इन परिवारों ने खुद से ही बांस-बल्ली का एक पुल बना लिया। इसी के सहारे आना जाना करते हुए हैं। लोगों के मुताबिक कई बार स्कूली बच्चे गिरकर घायल भी हो गए हैं।

देवरीखुर्द पुलिस चौकी के आगे शीतलामाता मंदिर है। इसे रेलवे क्रासिंग पार करके जाना होता है। इसी रास्ते में पानी भरा है। लोगों के मुताबिक तीन महीने पहले इस क्षेत्र में नाली निर्माण की बात पंचायत द्वारा कही गई थी। एक महीने में काम पूरा करने का दावा किया गया था जिससे की लोगों को अधिक परेशानी नहीं हो।गंदगी से परेशान लोगों ने इसकी सहमति दे दी। कुछ दिन तो काम ठीक चला और नाली बनाने के लिए पूरे क्षेत्र में खुदाई की गई।इसके बाद लेकिन बारिश में काम बंद कर दिया गया है। अब हाल यह है कि लोगों के घरों के सामने खोदाई के कारण निकलने में परेशानी हो रही है।यही नहीं रास्ते में पानी भरा है इससे आने जाने में परेशानी हो रही है।

परिजन के साथ पुल पार कर स्कूल जाते बच्चे।

दूसरा रास्ता काफी दूर

इन ग्रामीणों ने बताया कि महमंद के इस क्षेत्र से शहर पहुंचने का यही एकमात्र आसान रास्ता है। दूसरे अन्य रास्ते या तो बहुत दूर पड़ते हैं या फिर इससे अधिक खराब हैं। इसलिए कई बार नौकरी के साथ ही बच्चों के स्कूल पहुंचने में देरी होती है। महिला श्रीमती राधिका सूर्यवंशी ने बताया कि बच्चों को छोड़ने और लाने के समय हर बार गड्ढों में गिरने का खतरा रहता है। सावधानी बरतनी पड़ती है।

स्कूली बच्चे गिरकर घायल भी हुए

यहां के निवासी जीवन दाऊ और मरावी ने बताया कि रास्ता बंद होने के कारण मजदूरी और दूसरे काम में जाने में भी परेशानी हो रही थी। बच्चों के स्कूल भी छूट रहे थे। सरपंच सहित दूसरे जन प्रतिनिधियों से बात की गई। जल्द रास्ता बनाने की बात की गई लेकिन कुछ नहीं हुआ। इसके बाद हम 30 परिवार के लोगों ने ही कुछ करने की ठानी। इसके बाद कहीं सुनवाई नहीं हुई तो परिवारों ने खुद से ही बांस-बल्ली का एक पुल बना लिया। इसी के सहारे आना जाना करते हुए हैं। लोगों के मुताबिक कई बार स्कूली बच्चे गिरकर घायल भी हो गए हैं।

जल्द काम पूरा करने कहा गया है

पुल के साइड से पीडब्ल्यूडी द्वारा नाला निर्माण किया जा रहा है। लोगों को परेशानी ना हो इसलिए पंचायत द्वारा मिट्टी डाली गई थी। बारिश के समय इस मिट्टी को हटा लिया गया है। पीडब्ल्यूडी से जल्द काम करने की मांग की गई है।
- **विक्की निर्मलकर**, सरपंच, महमंद ग्राम पंचायत

दोस्तों के साथ अरपा में नहाने गए 14 साल के बालक की डूबकर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दोस्तों के साथ अरपा में नहाने गाया 14 साल का बालक गहराई में जाकर डूब गया। एसडीआरएफ की टीम ने दो घण्टे बाद बालक का शव नदी से बाहर निकाला। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, जबड़ापारा गली नम्बर 3 निवासी सौरभ धुरी पिता जीवन धुरी 14 साल अपने 6 दोस्तों के साथ दोपहर 12 बजे अरपा में नहाने गया। इसी दौरान सौरभ गहराई में जाकर डूबने लगा। किसी को भी तैरने नहीं आता था। दोस्तों ने शोर मचाने पर बड़ी संख्या में लोग नदी पहुंच गए और घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने एसडीआरएफ को बुलाया। एसडीआरएफ के जवान नदी में छलांग लगाकर बालक के तलाश में जुट गए। दो घण्टा अथक प्रयास के बाद एसडीआरएफ के जवानों ने बालक सौरभ धुरी की लाश नदी से बाहर निकाली। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

दोस्तों ने मना किया था

मृतक के दोस्त अमित केंवट ने बताया, 7 दोस्त नदी में नहाने गए थे। उसे नदी में नहाने जाने के लिए मना किया, किन्तु वह नहीं माना और उनके साथ नदी में चला गया। नहाते समय वह गहराई में चला गया। सभी दोस्त बचाने के लिए जा रहे थे तो और पीछे चला गया और डूब गया। किसी को तैरना नहीं आता था।

रामसेतु पर लगी रही भीड़

नदी में बालक के डूबने व एसडीआरएफ की टीम को स्टीमर से खोजते हुए देखकर रामसेतु पर लोगों की भीड़ लग गई, लोग वाहन खड़े कर बालक को खोजते हुए देख रहे थे, जिससे ट्रैफिक जाम हो गया।

नदी में डूबे बालक का शव निकाला गया। इनसेट में मृतक छात्र।

दिन भर उमस ने किया हलाकान शाम को रिमझिम बारिश से राहत

बिलासपुर। अगस्त का आधा महीना बीत चुका है लेकिन उमस भरी गर्मी पीछा नहीं छोड़ रही है, गुरूवार का दिन भी उमस के साथ बीता लेकिन शाम होते तक आसमान पर एक बार फिर बादल छाने लगे और बुंदाबंदी होने लगी, अगले ही पल रिमझिम बारिश के कारण पूरा शहर भींग गया और उमस से मामूली राहत मिली।

गुरूवार की सुबह सूरज की आंखमिचौली जारी रही, इस दौरान कभी आसमान पूरा साफ रहा तो कभी हल्के बादल छाएं रहे। जिसके चलते लोगों का गर्मी और उमस झेलनी पड़ी, बाहर निकलने वाले लोगों का हाल बेहाल होता रहा है। शाम 4 बजे के बाद आसमान पर काले घने बादल छाने लगे और 6 बजे के आसपास बुंदाबांदी शुरू हो गई। देखते ही देखते रिमझिम बारिश होने लगी और लोगों ने इसका आनंद लिया। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम बंगाल और खाड़ी में कम दबाव बा क्षेत्र बना हुआ है, यही कारण है कि प्रदेश में मानसून हवाएं सक्रिय है। अगले 24 घंटे में प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश की आशंका बनी हुई है। जानकारों के अनुसार मानसून द्रोणिका फिरोजपुर, बरेली, सुल्तानपुर, पश्चिम बंगाल में अवदाब की स्थिति है। साथ ही बंगाल की खाड़ी से होकर करीब 1.5 किमी की ऊंचाई पर द्रोणिका गुजर रही है। आने वाले दो दिनों में जिले के आसपास क्षेत्रों में अच्छी बारिश के आसार है।

चीफ सेक्रेटरी के शपथ पत्र से संतुष्ट नहीं हुआ कोर्ट, कोर्ट कमिश्नर करेंगे परीक्षण

सड़क हादसों में 6,967 की मौत, खतरनाक ब्लैक स्पॉट्स की सूची हाईकोर्ट में पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में पिछले एक साल में सड़क हादसों में 6,967 लोगों की मौत हुई है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल ने लगातार बढ़ रहे हादसों को लेकर नाराजगी जताई है।

हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने मामले में चीफ सेक्रेटरी से नए शपथपत्र के साथ जवाब मांगा है। इससे पहले दिए गए शपथ पत्र से हाईकोर्ट संतुष्ट नहीं हुआ और इसका परीक्षण कराने की बात कही। इसके लिए कोर्ट कमिश्नरों की नियुक्ति की गई है। मामले की अगली सुनवाई एक

सितंबर को होगी। दरअसल प्रदेश में सड़क हादसों के बढ़ते मामलों को देखते हुए हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई शुरू की थी। जिसके बाद हाईकोर्ट से नियुक्त कोर्ट कमिश्नर ने प्रदेश के कई जिलों से जुटाए गए अधिकृत आंकड़े पेश किए। जिसमें बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार अफसर गंभीर नहीं हैं। नियमों के मुताबिक हर महीने बुलाई जाने वाली सड़क सुरक्षा समिति की बैठकें तक आयोजित नहीं की जा रही हैं। कोर्ट कमिश्नर ने हाईकोर्ट को बताया कि, 2025 में प्रदेश में कुल 15,484 सड़क हादसे दर्ज किए गए। जिनमें 6,967 लोगों की मौत हुई और 13,156 लोग घायल हुए। वहीं, साल 2026 में 31 मई तक केवल 5 महीनों में 6,891 सड़क दुर्घटनाओं में 3,170 लोगों ने अपनी जान गंवाई है।

हाईकोर्ट ने इन बिंदुओं पर मांगा जवाब

- सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठकें क्यों नहीं हुईं?
- अवैध पार्किंग और ओवरलोडिंग रोकने के लिए क्या कार्रवाई हुई?
- चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स को सुधारने के लिए क्या कदम उठाए गए?
- एनएचएआई के क्षेत्रीय और प्रशासनिक अधिकारी शपथ पत्र के साथ रिपोर्ट पेश करें।
- सड़क सुरक्षा व्यवस्था सुधारने की समयबद्ध कार्ययोजना अदालत को बताई जाए।

बारिश में हाईवे पर बैठे मवेशियों पर नाराजगी

सीजे ने कहा कि बारिश के मौसम में आवारा मवेशी नेशनल हाईवे और मुख्य सड़कों पर बैठे रहते हैं। दिन में स्थिति संभल जाती है, लेकिन रात में लोगों की जान जोखिम में रहती है। ऐसे में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा, क्या पुलिसकर्मियों का काम सिर्फ मवेशी हांकना है या व्यवस्था बनाना। उन्होंने कहा कि, बिलासपुर, रायपुर आसपास के क्षेत्रों में रोज सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, लेकिन व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है।

10 सबसे खतरनाक ब्लैक स्पॉट्स की सूची भी पेश

हाईकोर्ट में प्रदेश के 10 सबसे खतरनाक ब्लैक स्पॉट्स की सूची भी पेश की गई। इनमें 7 अकेले रायपुर जिले में हैं। धरसींवा के सिलतरा से निको गेट के बीच एक साल में 19 लोगों की मौत हुई। कोरबा के पाली से गड्‌झरा नाला मार्ग पर 22 हादसों में 17 लोगों की जान गई। रायपुर के तेलीबांधा, नेवरा, आरंग और खरोरा क्षेत्र भी गंभीर दुर्घटना वाले स्थानों में शामिल हैं। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कहा कि, औद्योगिक क्षेत्रों और राष्ट्रीय राजमार्गों पर ट्रकों की अवैध पार्किंग हादसों की बड़ी वजह है। 10 टन क्षमता वाले वाहनों में 22 से 25 टन तक माल लादा जा रहा है, जबकि वजन जांचने वाली वेइंग मशीनें बंद पड़ी हैं। भारी वाहन मुख्य सड़कों पर खड़े रहते हैं, इसलिए दुर्घटनाएं होना तय है।

कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष जनसेवक,
विधायक प्रत्याशी बेलतरा विधानसभा रहे
विजय केशरवानी जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
सौजन्य: समस्त कांग्रेसजन बेलतरा विधानसभा

खबर संक्षेप

सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

जरहागांव। एक दर्दनाक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए युवक ने करीब दो सप्ताह तक जिंदगी और मौत के बीच जूझने के बाद आखिरकार दम तोड़ दिया। अपोलो अस्पताल, बिलासपुर में उपचार के दौरान उसने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही जरहागांव सहित छतौना-पेंडीडीह क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के मुताबिक करीब दो सप्ताह पहले 24 वर्षीय प्रियांशु ज्ञानीक अपने दो दोस्तों के साथ बिलासपुर से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान कानन पेंडारी के पास उनका वाहन एक भीषण दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसा इतना भयावह था कि दुर्घटना के दौरान लोहे का एक पाइप प्रियांशु के पेट के आर-पार घुस गया। हादसे का यह दृश्य इतना हृदयविदारक था कि मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी भी स्तब्ध रह गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मदद के लिए हाथ बढ़ाया और गंभीर रूप से घायल प्रियांशु को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। बाद में उन्हें बेहतर उपचार के लिए अपोलो अस्पताल, बिलासपुर में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। प्रियांशु ज्ञानीक की अंतिम यात्रा छतौना-पेंडीडीह में निकाली गई। अंतिम यात्रा में परिजन, रिश्तेदार, मित्र और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

निधन

एम जी डे

बिलासपुर। मित्र विहार निवासी मदन गोपाल डे (75 वर्ष) का गुरुवार को सुबह निधन हो गया । वे अपने पीछे पत्नी व तीन बेटियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

विद्या देवी सराफ

बिलासपुर। कश्यप कॉलोनी निवासी विद्या देवी सराफ पति स्व.लखन लाल सराफ उम्र 88 वर्ष का 13 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया । वे शिवानी, रमानी, मीनाक्षी, राधेश्याम, पुरुषोत्तम सराफ की माता थीं ।

10 करोड़ से अधिक स्वीकृत, फिर भी पानी के लिए तरस रहे लोग

जल जीवन मिशन के काम ठप, नहीं हो रही पानी की सप्लाई, जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मरवाही

नगर पंचायत के कुम्हारी लोहारी में पी एच ई विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत जो काम कराए गए थे एवं जिनमें नई पानी टंकी एवं रेट्रोफिटिंग के सप्लाई की जानी थी वो सभी वर्तमान मे बंद होने के कारण आम जन मानस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार जल जीवन मिशन का मरवाही नगर पंचायत क्षेत्र में 12 स्थानों पर काम किया गया एक या दो स्थानों को छोड़ दिया जाए तो अमूमन सभी जगह बंद है।

आर टी आई से मिली जानकारी के हिसाब से इस मिशन में अगर 12 स्थानों के राशि की गणना की जाए तो लगभग 10 करोड़ 9 लाख रुपए शासन ने स्वीकृत किए है पर फ़ील्ड में देखा जाए तो इस कार्य की गुणवत्ता एवं दशा देखकर यह अनुमान लगाया जा सकता है कि इसमें कितना घाल मेल हुआ होगा पर इन गुणवत्ता हीन कामो का खामियाजा आम जनता को भोगना पड़ता है। नगर पंचायत के पार्षद अमर हलवाई ने बताया कि जल जीवन मिशन के पूरे काम स्तरहीन हुए है जिनमे इलेक्ट्रीफाइंग वर्क में सभी की मोटर जल गई है और काम नही कर रही है आर टी आई में मिली जानकारी के अनुसार निम्न स्थानों पर जल जिवन मिशन के काम हुए , कुम्हारी पाइप वाटर सप्लाई स्कीम 1 करोड़ 35 लाख रूपए, मरवाही पाइपड वॉटर सप्लाई 49 लाख 61 हजार रूपए कुम्हारी रेट्रोफिटिंग पाइप्ड वाटर सप्लाई कुम्हारी खास 1 करोड़ 48 लाख रूपए, रेट्रोफिटिंग वाटर सप्लाई लोहारी खास 2 करोड़ 15 लाख रूपए, मडाकोट कुम्हारी सिंगल विलेज 53 लाख 35 हजार रूपए, मरवाही सिंगल विलेज स्कीम 2 करोड़ 14 लाख रूपए, कुम्हारी सोलर बरैंहा टोला 29 लाख 96 हजार रूपए, लोहारी सोलर चलचलि 24 लाख 51 हजार रूपए, लोहारी सोलर राजारानी टोला 28 लाख 54 हजार रूपए, मरवाही सोलर गरलैय्या टोला 29 लाक 24 हजार रूपए, मरवाही सोलर 31 लाख 12 हजार रूपए, लोहारी पाइपड वाटर सप्लाई लोहारी 49 लाख 84 हजार रूपए है।

नहीं लिया हैंडओवर

काम सही नहीं होने कारण नगर पंचायत ने हैंडओवर नही लिया है

सुशील चौधरी नगर,
सीएमओ, नगर पंचायत मरवाही

ठेकेदारों को नोटिस

जिन ठेकेदारों ने काम अधूरा छोड़ा है उन्हें नोटिस जारी हो गया है। अक्टूबर तक काम कम्प्लीट करना है और नही करने पर वे ब्लैक लिस्टेड हो जाएंगे एवं उनकी की राशि रिलीज भी नहीं की जाएगी।

प्रिया सोनी, ईई,
पीएचई, जीपीएम

रतनपुर में विश्व हिंदू परिषद का 2 दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग प्रारम्भ

बिलासपुर। विश्व हिंदू परिषद द्वारा रतनपुर के श्री सिद्धि विनायक मंदिर परिसर में जिला अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया। अभ्यास वर्ग के उद्घाटन सत्र में संत समाज के आशीर्वचन के साथ संगठनात्मक एवं सामाजिक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम में जिले एवं प्रांत के विभिन्न दायित्ववान कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ में गिरजाबंद हनुमान मंदिर के पुजारी तारकेश्वर पुरी ने समाज एवं धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा सेवा कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिंदू राष्ट्र की दिशा में आगे बढ़ने के लिए विश्व हिंदू परिषद के सामने अभी अनेक कार्य शेष हैं, जिन्हें समाज की सक्रिय सहभागिता के साथ पूरा करना होगा। अभ्यास वर्ग के उद्घाटन सत्र में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठन का कार्य केवल कार्यक्रमों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि कार्यकर्ताओं को निरंतर समाज के बीच संपर्क, संवाद और सेवा के माध्यम से अपनी भूमिका निभानी होगी। श्री गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ता के लिए संगठन के प्रति आत्मीयता, अनुशासन और निरंतर सक्रियता सबसे महत्वपूर्ण है।

गौसंवर्धन, सामाजिक समरसता और संगठन विस्तार पर मंथन

संगठन द्वारा निर्धारित योजनाओं का वास्तविक प्रभाव तभी दिखाई देगा, जब जिला, प्रखंड और ग्राम स्तर तक कार्यकर्ता उन्हें अपनी जिम्मेदारी मानकर आगे बढ़ाएं। मुख्य वक्ता ने अशोक सिंघल के जन्मशताब्दी वर्ष को संगठनात्मक एवं सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अवसर अभ्यास वर्ग में गौसंवर्धन एवं गौ-आधारित प्राकृतिक कृषि पर भी विशेष रूप से चर्चा हुई। उद्घाटन सत्र में जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। उन्होंने अभ्यास वर्ग की आवश्यकता बताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के नियमित प्रशिक्षण और संगठनात्मक विषयों के अध्ययन से कार्य की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता बढ़ती है। कार्यक्रम के दौरान जुलाई माह में छतरपुर, दिल्ली में आयोजित केंद्रीय प्रबंध समिति की बैठक में पारित प्रस्तावों का वाचन भी किया गया। प्रस्तावों का वाचन सोनल अग्रवाल, गौरव धनकर एवं रिंकू शर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रांत उपाध्यक्ष प्रेमलता बिसेन, प्रांत सह कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, बजरंग दल प्रांत संयोजक शुभम नाग, दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिका भारती सिंह, विभाग मंत्री विकास शर्मा, जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता, बजरंग दल प्रांत विद्यार्थी सह प्रमुख अंकुश ठाकुर, धर्म प्रसार विभाग के प्रांत टोली सदस्य प्रमोद कश्यप, जिला मंत्री विक्रांत केशरवानी, मातृ शक्ति जिला संयोजिका सोनल अग्रवाल एवं दुर्गावाहिनी जिला संयोजिका भूमिका रायल सहित बड़ी संख्या में दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला दीपक सिंह ठाकुर, पुलिकत अग्रवाल विशेष रूप से सक्रिय रहे।

सैदा में सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव विफल, बची कुर्सी

सकरी। ग्राम पंचायत सैदा में सरपंच ऋचा अनिल दुबे के खिलाफ पंचों द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव बुधवार को मतदान के बाद विफल हो गया। आवश्यक मत नहीं मिलने के कारण सरपंच अपनी कुर्सी बचाने में कामयाब रहीं। अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 13 मत पड़े, जबकि 5 मत प्रस्ताव के विरोध में रहे। वहीं 2 मत रिजेक्ट घोषित किए गए।

तखतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत सैदा में सरपंच के खिलाफ 14 पंचों ने अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। हस्ताक्षरों के सत्यापन के बाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा 13 अगस्त को सम्मिलन की तिथि निर्धारित की गई थी। बुधवार को ग्राम पंचायत भवन सैदा में पीठासीन अधिकारी एवं सकरी तहसीलदार राहुल शर्मा की मौजूदगी में सुबह 11 बजे अविश्वास प्रस्ताव पर कार्रवाई शुरू हुई। चर्चा के बाद मतदान कराया गया। ग्राम पंचायत में कुल 20 पंच थे, लेकिन एक पंच की मृत्यु हो जाने के कारण वर्तमान में 19 पंच थे। मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतगणना कराई गई, जिसमें अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 13, विपक्ष में 5 मत मिले, जबकि 2 मत रिजेक्ट घोषित किए गए। इसके बाद पीठासीन अधिकारी ने अविश्वास प्रस्ताव के विफल होने की घोषणा की।

■ पक्ष में 13, विपक्ष में पड़े 5 मत , 2 मत हुए रिजेक्ट

सुबह से रही राजनीतिक हलच

अविश्वास प्रस्ताव पर कार्रवाई को लेकर बुधवार सुबह से ही सैदा में राजनीतिक सरगर्मी तेज रही। कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों और पंचायत से जुड़े लोगों में काफी उत्सुकता बनी हुई थी। बताया गया कि अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले 14 पंच पिछले सप्ताहभर से बाहर थे, जिसके चलते भी गांव में इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चा चल रही थीं। मतदान के परिणाम के बाद राजनीतिक कयासों पर भी विराम लग गया। पीठासीन अधिकारी राहुल शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत सैदा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के बाद मतदान कराया गया। मतदान में अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 13, विपक्ष में 5 मत पड़े तथा 2 मत रिजेक्ट घोषित किए गए। इस प्रकार अविश्वास प्रस्ताव विफल रहा।

बेटियों की शिक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए साइकिल बनी सहारा : कविता

सकर्रा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़ापुरी में मंगलवार को सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं की 40 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य सरोज पारकर ने की। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अंबिका विनोद साहू रहीं। कार्यक्रम में जनपद पंचायत तखतपुर की अध्यक्ष डॉ. माधवी संतोष वस्त्रकार एवं जनपद सदस्य कविता महेश यादव सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जनपद सदस्य कविता महेश यादव ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना केवल साइकिल वितरण की योजना नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। साइकिल मिलने से छात्राओं के लिए विद्यालय आना-जाना आसान होगा और वे अपनी पढ़ाई नियमित रूप से जारी रख सकेंगी। उन्होंने छात्राओं से कहा कि शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। आज जो बेटी साइकिल से स्कूल जाएगी, वही कल डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, अधिकारी अथवा समाज की सशक्त नागरिक बनकर अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन कर सकती है। अंबिका विनोद साहू ने कहा कि बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षा सबसे जरूरी है। जनपद अध्यक्ष डॉ. माधवी संतोष वस्त्रकार ने कहा कि माता-पिता बच्चों के सबसे बड़े गुरु होते हैं।

न्यायालय तहसीलदार पेण्ड्रा
जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.)
//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र................/........./
ग्राम–पेण्ड्रा

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं हितबद्ध पक्षकार ग्राम पेण्ड्रा प.ह.नं.... रा.नि.मं. व तहसील पेण्ड्रा जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो.अय्यूब सिद्दकी पिता वशिउल्लाह जाति... निवासी ग्राम पेण्ड्रा तहसील पेण्ड्रा जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही छ.ग.द्वारा अपने पुत्र अल्तमश सिद्दकी की जन्म दिनांक 21/04/26 को ग्राम पेण्ड्रा में होने का प्रमाण पत्र प्रदाय हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 17/08/26 को उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समय बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/07/26 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा सील सहित जारी किया गया।

तहसीलदार
पेण्ड्रा

खबर संक्षेप

सराफा एसोसिएशन की तिरंगा यात्रा एवं स्वागत समारोह आज

बिलासपुर। बिलासपुर सराफा एसोसिएशन द्वारा 14 अगस्त को विशेष आयोजन किया जा रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर घर तिरंगा आहवान से प्रेरित होकर 14 अगस्त को एसोसिएशन द्वारा अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लगाने के साथ साथ गोल बाजार, सदर बाजार क्षेत्र के प्रत्येक घर व दुकान को तिरंगामय बनाने के लिए नागरिकों एवं व्यापारियों से आहवान कर रही है। 14 अगस्त को दोपहर 1 बजे कलेक्टर कार्यालय से एसोसिएशन की तिरंगा यात्रा का शुभारंभ कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनीश सिंह करेंगे। यह रैली सदर बाजार पहुंचेगी। दोपहर 3 बजे गांधी चौक से केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू इसका नेतृत्व में निकली यात्रा का सदर बाजार में स्वागत किया जाएगा।

कर्मचारी संघ के त्रिपाठी संभागीय अध्यक्ष, बंजारे वरिष्ठ उपाध्यक्ष

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा ने ओम त्रिपाठी को संभागीय अध्यक्ष एवं नंदकुमार बंजारे को वरिष्ठ उपाध्यक्ष के साथ 24 संभागीय कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिला शाखा अध्यक्ष किशोर शर्मा ने बताया कि संभागीय अध्यक्ष 1 वरिष्ठ संभागीय उपाध्यक्ष 1 संभागीय उपाध्यक्ष 8 संभागीय सचिव 1 संभागीय कोषाध्यक्ष 1 संभागीय प्रवक्ता 6 संभागीय संयुक्त सचिव सहित 6 कुल 24 पदों पर नियुक्ति की गई है। संघ के नवनियुक्त संभागीय अध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने कहा कि अभी राज्य के कर्मचारियों को मोदी गारंटी के अनुसार केंद्र के समान महंगाई भत्ता सहित कर्मचारी हितों के मुद्दों को लेकर संघ द्वारा 30 सितंबर को प्रदेश के सभी संभागीय मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के साथ रैली निकालकर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा जाएगा। जिसे सफल बनाने के लिए संभाग के सभी जिलों के अध्यक्ष साथियों से समन्वय बनाया जाएगा। श्री त्रिपाठी को कर्मचारी संघ द्वारा शुभकामनाएं दी गई। इसमें संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, जी आर चंद्रा, हिमाचल साहू, अनिल सिंह ठाकुर, दुर्गेश साहू, रामकुमार यादव, राजीव कस्तूरे, प्रकाश शर्मा, एल महेश्वर राव, चंद्र कुमार यादव, राजीव देवांगन, प्रवीण यादव, विजय आजाद ,अनुराग कुमार तिवारी, संजय राज आदि शामिल थे।

क्षेत्र की जनसमस्यों को लेकर प्रतिनिधि मंडल ने निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर। नगर निगम क्षेत्र की जनसमस्यों को लेकर नागरिकों के एक प्रतिनिधि मंडल ने निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे को ज्ञापन सौंपा। इसमें मां मरी माई एवं खामोश गंज कब्रिस्तान मार्ग तालापारा जो काफी जीर्ण शीर्ण अवस्था में है शीघ्र ठीक करवाने, तारबाहर चौक से भारतीय नगर चौक, महाराणा चौक से मंगला तक के मार्ग में कहीं उभरे तो कहीं दबे हुए सीवरेज के मेनहोल तथा डिवाइडर की टूटी हुई जालियां को आम जनता के लिए खतरा बताया। इसे शीघ्र ठीक करवाने एवं व्यापार विहार में नेहरू काम्प्लेक्स पुराना बी डी ए एवं आर टी ओ भवन के जर्जर कालमों जो कभी भी भीषण दुर्घटना का कारण हो सकते हैं के शीघ्र पुनः निर्माण की मांग की। ज्ञापन दाताओं ने नगर के डिवाइडरों में रिक्त पड़े स्थानों पर पौधरोपण करने की भी मांग की। पौधारोपण का प्रस्ताव रखा, सभी मांगों का आयुक्त ने शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर शिवा मिश्र, राजेश शुक्ला, आमीन मुगल, जगदीश त्रिवेदी, पवन तिवारी, बॉबी थॉमस , सृष्टि धर मिश्र , सुदेश दुबे एवं राकेश निर्मलकर आदि उपस्थित रहे।

लोखंडी में पर्यावरण को सुरक्षित रखने किया पौधरोपण

बिलासपुर। हरेली के शुभ अवसर पर आज ग्राम लोखंडी में पर्यावरण को सुरक्षित ,मिट्टी कटाव की बचाव और छाया के लिए ग्राम प्रमुखों द्वारा लोखण्डी मुक्तिधाम पर पीपल, बेल,कदम और आम के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर इसकी सुरक्षा का संकल्प भी लिया गया। इस दौरान पटेल समाज के जिलाध्यक्ष शिव कुमार पटेल, परिक्षेत्र अध्यक्ष गोपाल प्रसाद पटेल, डी.एल.पटेल, जीवराखन पटेल, राम कुमार पटेल, चंदराम पटेल, घनश्याम पटेल, मनहरण पटेल, डॉ चंदराम पटेल आदि का सहयोग रहा।

प्रतिदिन हो रहा वरुण देव यज्ञ हवन, प्रसाद वितरण

बिलासपुर। श्री झूलेलाल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मोटूमल भीमनानी सेवा सदन सिंधी धर्मशाला गोल बाजार में वरुण देव अवतार सांई झूलेलाल चालीहा महोत्सव श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। 40 दिवसीय इस धार्मिक महोत्सव में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर प्रज्ज्वलित अखंड दिव्य ज्योत का दर्शन लाभ प्राप्त कर रहे हैं। श्री झूलेलाल वेलफेयर सोसाइटी के प्रमुख सलाहकार रूपचंद डोडवानी ने बताया कि श्रद्धालु भक्त माता हिंगलाज एवं सांई झूलेलाल की पूजा-अर्चना व मनोकामना दीप प्रज्ज्वलित कर परिवार की सुख-समृद्धि की मंगल कामना कर रहे हैं।

कामयाब होने के लिए डिग्री नहीं ज्ञान जरूरी

बिलासपुर। शासकीय इंजीनियरिंग कालेज बिलासपुर में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् एआईसीटीई नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित छात्रों के लिए 11 अगस्त से 22 अगस्त तक द्विसप्ताहिक इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम के तीसरे दिन गुरुवार को प्रथम सत्र में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए प्रथम वर्ष के शिक्षकों द्वारा आधारभूत विज्ञान एवं गणित की कक्षाएं आयोजित की गई, जिससे कि छात्र-छात्राएं बीटेक प्रथम वर्ष के मूल पाठ्यक्रम को आसानी से समझ सकें। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को इंजीनियरिंग के विभिन्न संकायों से संबंधित आधारभूत जानकारियां भी दी गई।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में डॉक्टर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. अग्रवाल एमडी सामुदायिक चिकित्सा छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स बिलासपुर उपस्थित रही। उनके द्वारा प्रभावी स्वास्थ्य सत्र में शारीरिक और मानसिक कल्याण, संतुलित आहार और दैनिक आदतों पर चर्चा की गई। इस सत्र में छात्र-छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और बीमारियों से बचने की जानकारी दी गई। डॉ. अग्रवाल ने विभिन्न क्रियाकलापों एवं गतिविधियों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रखने तथा तनाव प्रबंधन के लिए भी छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के इस सत्र में समन्वयक के रूप में अग्रेजी के सहायक प्राध्यापक प्रो. इंद्राणी बोरकर उपस्थित रहे।

तृतीय सत्र में भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन वाय. श्रीनिवास उपस्थित रहें। उन्होंने कठिन परिश्रम एवं अनुशासन के महत्व को समझाते हुए नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं में प्रचुर मात्रा में ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को आज की वर्तमान तकनीकों के नवाचार के आधार पर आज से 10 साल आगे के तकनीकों के संबंध में विचार करने के संबंध में छात्रों से चर्चा किया। इस सत्र में समन्वयक के रूप में रसायन के सहायक प्राध्यापक प्रो. नवीन वर्मा उपस्थित रहे।

स्पिक मैके तथा यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। स्पिक मैके की ओर से विशेषज्ञ के रूप में रोबिन एवं अजय श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शैलेश शुक्ला एवं पीके पंचायती, प्रो. बाबा मार्तण्ड प्रसाद , प्राचार्य डॉ. एसके सिंघई, डॉ. अवनीश उपाध्याय तथा प्रो. आरके डहरिया आदि उपस्थित थे।

साइंस कालेज में फ्रेशर विद्यार्थियों का दीक्षारंभ शिक्षा कार्यक्रम

बिलासपुर। शासकीय ई. राघवेंद्र राव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में दीक्षारंभ शिक्षा कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। सभी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें शिक्षा के महत्व व उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बेलतरा क्षेत्र के विधायक सुशांत शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने विद्यार्थियों को शिक्षा, आत्मविकास और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डीके श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने नई शिक्षा नीति के प्रमुख प्रावधानों, कौशल-आधारित शिक्षा, बहुविषयक अध्ययन व्यवस्था में हो रहे परिवर्तनों के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को नई शिक्षा नीति से मिलने वाले अवसरों और इसके लाभों के बारे में भी समझाया। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के बारे में विस्तृत जानकारी देना और नई शिक्षा नीति के अनुरूप अपने शैक्षणिक व व्यावसायिक भविष्य के लिए प्रेरित करना था।

अटल यूनिवर्सिटी के बाजू से बिरकोना होते मोपका तक होगा निर्माण

215 करोड़ की लागत से फोरलेन बनेगी कोनी-मोपका सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी स्थित अटल यूनिवर्सिटी के बाजू से बिरकोना की ओर जाने वाली सड़क भी अब फोरलेन बनाई जाएगी। 215.27 करोड़ रूपए की लागत से बारह किलोमीटर लंबाई में प्रस्तावित इस फोरलेन सड़क की स्वीकृति के लिए शासन को एस्टीमेट भेज दिया गया है। सड़क कोनी से बिरकोना होते हुए मोपका पहुंचेगी। सड़क को फोरलेन का रूप देने के लिए निजी भूमि के अधिग्रहण की भी जरूरत पड़ेगी।

शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में तेजी से उभरता कोनी क्षेत्र अब फोरलेन सड़कों के निर्माण के मामले में भी पहले नंबर पर चल रहा है। कोनी स्थित अटल यूनिवर्सिटी के बाजू से कोनी से बिरकोना, खमतराई व बहतराई होते मोपका तक एक और फोरलेन सड़क का निर्माण शहरवासियों के लिए एक सौगात से कम नहीं है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस सड़क को लेकर 30 जुलाई को शासन को एस्टीमेट भेजा गया है। एस्टीमेट के अनुसार सड़क की लंबाई बारह किलोमीटर होगी, जिसकी लागत 215.27 करोड़ रूपए होगी।इस मार्ग पर अटल यूनिवर्सिटी के अलावा पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी, डीपी विप्र लॉ एवं बीएड कॉलेज, सेंट्रल यूनिवर्सिटी एवं कैंसर अस्पताल व सिम्स भी प्रस्तावित है। जबकि ठीक बाजू में मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का निर्माण किया जा चुका है। मोपका से सीपत क्षेत्र के दर्जनों गांव के ग्रामीणों को इस फोरलेन सड़क के बन जाने के बाद ग्रामीणों की न केवल शैक्षणिक संस्थानों तक, बल्कि कई चिकित्सा संस्थानों तक भी आवाजाही सुलभ व आसान हो जाएगी।

शासन को भेजा गया एस्टीमेट

प्राथमिकता में है सड़क, विभाग की टीम राजधानी में डटी

कोनी से बिरकोना होते मोपका तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क के अलावा अन्य ऐसी सड़कें जिनकी लागत सौ करोड़ या इससे अधिक है, तो इनकी स्वीकृति के लिए एस्टीमेट में आवश्यक सुधार एवं क्वैरी का जवाब देने लोक निर्माण विभाग की टीम उच्चाधिकारियों के निर्देश पर विभागीय मुख्यालय में डटी हुई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार कोनी से बिरकोना होते मोपका के लिए प्रस्तावित फोरलेन सड़क स्थानीय प्रशासन की प्राथमिकता में है। ऐसे में इसके जल्द ही स्वीकृत होने की उम्मीद की जा रही है।

जल्द मिलेगी स्वीकृति

कोनी से बिरकोना, खमतराई-बहतराई स्टेडियम होते हुए मोपका के बीच बारह किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क के लिए शासन को एस्टीमेट भेजा गया है। 215 करोड़ की लागत वाली यह सड़क स्थानीय प्रशासन की प्राथमिकता में है। पूरी संभावना है कि प्रस्तावित फोरलेन सड़क को जल्द ही स्वीकृति मिल जाएगी।

-आरके रात्रे, चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी

ट्रेनों के स्लीपर और एसी कोच में भी बर्थ की मारामारी

■ बाबा धाम यात्रा : कंफर्म बर्थ वाले यात्री भी हो रहे परेशान

बिलासपुर। बाबा धाम में कांवड़ लेकर जाने वाले कांवरियों की भीड़ के कारण जनरल के साथ स्लीपर और एसी कोच में भी बर्थ की मारामारी शुरु हो गई है। टिकिट क्लीयर नहीं होने के बाद भी लोग स्लीपर और एसी कोच के दरवाजे पर जानबूझकर बैठकर सफर कर रहे हैं, जिसके कारण कंफर्म बर्थ वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बिहार के देवघर में बाबा धाम में जाने वाले श्रद्धालुओं की सबसे अधिक भीड़ दुर्ग से आरा के बीच चलने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस में प्रतिवर्ष रहती है। श्रावण मास की शुरुआत से पहले ही प्रदेश के सभी जिलों से बड़ी संख्या में लोग ट्रेन में जाने के लिए दो माह पहले से बुकिंग कराते हैं, ताकि उनका सफर आरामदायक हो सके। भीड़ को कम करने के लिए रेलवे श्रावण स्पेशल ट्रेन का परिचालन भी करती है। इस वर्ष भी साउथ बिहार एक्सप्रेस में सफर करने वाले श्रद्धालुओं की श्रावण मास की शुरुआत होने से भीड़ जाने लगी है। इसी बीच रेल प्रशासन ने चक्रधरपुर रेल मंडल में नान इंटरलाकिंग कार्य की वजह से साउथ बिहार एक्सप्रेस का परिचालन अलग-अलग तिथियों में रोक दिया था, जिसके लिए काफी विरोध और आंदोलन भी किया गया। इस आंदोलन के उपरांत रेल प्रशासन ने अपने निर्णय में संशोधन करते हुए साउथ बिहार का परिचालन जुलाई के बजाय अगस्त में एक माह के लिए लगातार करने का आदेश भी जारी कर दिया है। रेलवे के आदेश से दुर्ग से लेकर ईब तक के स्टेशनों से ट्रेन में सफर करने वाले हजारों यात्रियों को राहत मिलते ही एक बार फिर से बुकिंग शुरु कर दी गई है। इसकी वजह से ट्रेन के स्लीपर कोच के आंकड़ें ने वेटिंग की संख्या 150 से अधिक पार कर दी है, वहीं एसी थर्ड से लेकर एसी सेकेंड तक वेटिंग 50 और 55 के बीच चल रही है, जिसके कारण लोगों को कंफर्म बर्थ नहीं मिल पा रही है। 13287 साउथ बिहार एक्सप्रेस के अलावा 22843 बिलासपुर से बक्सर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस, 17005 हैदराबाद से रक्सौल एक्सप्रेस, 17321 वास्को द डिगाम से जसीडीह और 17007 चर्लापल्ली से दरभंगा के बीच चलने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस के स्लीपर कोच की वेटिंग 75, एसी थर्ड की वेटिंग 45, एसी सेकेंड की वेटिंग का आंकड़ा 35 से अधिक हो गया है। वर्तमान में रही सारी ट्रेनों का हाल ऐसा हो गया है कि वीआईपी और वीवीआईपी कोटा भी क्लीयर नहीं हो पा रहा है। कांवड़ लेकर जाने वाले यात्री वेटिंग टिकिट के बाद भी ठूंस ठूंसकर स्लीपर और एसी थी में परेशान होकर सफर कर रहे हैं।

श्रावण स्पेशल बेहाल

यात्रियों की भीड़ और कांवड़ लेकर जाने वाले श्रद्धालुओं की मांग को देखते हुए रेल प्रशासन ने 08895/08896 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी लेकर मधुपुर के बीच 5-5 फेरों के लिए श्रावणी मेला साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन परिचालन किया जा रहा है। 29 अगस्त तक चलने वाली प्रति शनिवार को चलने वाली 08895 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस और 30 अगस्त तक प्रति रविवार को चल रही 08896 मधुपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पेशल ट्रेन का वाणिज्यिक स्टापेज गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, बेलपहाड़ एवं ब्रजराजनगर स्टेशन में देने के साथ सप्ताह में दो दिन कर दिया गया है। इस ट्रेन में भी वेटिंग के आंकड़े ने अर्धशतक का आंकड़ा पार कर दिया है।

सीवीआरयू में मना हरेली पर्व

बिलासपुर। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में बिलासा कला मंच के संयुक्त तत्वावधान में हरेली पर्व उत्साह और पारंपरिक रंग में मनाया गया। कार्यक्रम में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज मुख्य अतिथि तथा छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल विशिष्ट अतिथि रहे। कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष और कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी सहित विश्वविद्यालय परिवार एवं संस्कृति प्रेमी उपस्थित रहे।

हरेली पर्व पर कृषि उपकरणों की पूजा-अर्चना करते अतिथि।

हरेली के अवसर पर पारंपरिक कृषि उपकरणों की पूजा-अर्चना की गई। परिसर में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की व्यवस्था के साथ नारियल फेंक, पिठ्ठल, गेड़ी दौड़, रस्सा खींच और कुर्सी दौड़ जैसी पारंपरिक प्रतियोगिताएं हुईं। विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और अतिथियों ने उत्साह से भाग लिया। लोकगीत एवं लोकनृत्य की प्रस्तुतियों ने आयोजन को छत्तीसगढ़ी संस्कृति के रंग से भर दिया। मुख्य अतिथि चिंतामणि महाराज ने कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ की माटी, कृषि संस्कृति और लोक जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। यह प्रकृति, खेती और पारंपरिक मूल्यों के प्रति सम्मान का संदेश देता है। उन्होंने विश्वविद्यालय की पहल को नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने वाला सराहनीय प्रयास बताया। संजय अग्रवाल ने कहा कि हरेली किसानों और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व है। कुलपति ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ने और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम हैं। अतिथियों ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित छत्तीसगढ़ी शोध एवं सृजन पीठ, छत्तीसगढ़ी संजोही तथा कला एवं संस्कृति केंद्र का भ्रमण कर भाषा, साहित्य और लोक संस्कृति के संरक्षण के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम में बिलासा कला मंच के संस्थापक डॉ. सोमनाथ यादव, अध्यक्ष महेश श्रीवास, के.के. पाठक, डॉ. जी.डी. पटेल, आनंद प्रकाश गुप्ता, सुधीर दत्ता, रामेश्वर गुप्ता, राजेंद्र मौर्य, दिनेश्वर जाधव, मनीष गुप्ता, अनूप श्रीवास, ओम शंकर लिबर्टी, विशाल शर्मा, डॉ. जयशंकर यादव, सृष्टि सिंह ठाकुर, विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

मनवा कुर्मी समाज की बहनों ने भेजा जवानों के लिए रक्षा सूत्र

बिलासपुर। ।मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की बहनों ने ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र संग्रहण के तहत लिफाफे में रक्षा सूत्र, एक चुटकी मिट्टी और पत्र हजारों की संख्या में एकत्र कर भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स की जिला संगठन आयुक्त डॉ पूनम सिंह को सौंपा। इसे महेन्द्र प्रताप सिंह राणा के माध्यम से देश के हर कोने में तैनात जवानों तक पहुंचाई जाएगी। समाज की अध्यक्ष उषा वर्मा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में बेटी सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह के शौर्य ने हमें प्रेरणा दी। इसी भाव से हमने तय किया कि राखी का धागा सिर्फ भाई की कलाई तक सीमित नहीं रहेगा। देश का हर रक्षक हमारा भाई है और हर रक्षा सूत्र उसके नाम होगा। उन्होंने कहा कि पिछले 4 वर्षों से हमारा एक ही संकल्प सरहद पर खड़े जवानों का मनोबल ऊंचा रखना है। जब तक देश सुरक्षित है, तब तक हमारा घर सुरक्षित है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़ें और अपने एक रक्षा सूत्र के साथ एक जवान को अपनापन भेजें। उपाध्यक्ष सीमा कश्यप, ज्योति, ओमीषा वर्मा, किरण नायक, माधुरी वर्मा, सरिता नायक, रश्मि, मधु, लक्ष्मी वर्मा, रंजना कश्यप, इति बंछोर, पुष्पलता वर्मा सहित दर्जनों बहनों ने चिट्ठी के साथ मिट्टी और तिलक भी भेजे। डॉ पूनम सिंह ने समाज की इस पहल को कर्तव्य और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण बताया।

न्यूरो थैरेपी आयुर्वेदिक शिविर लगाने समाज प्रमुखों की बैठक

बिलासपुर। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा दयालबंद बिलासपुर में आगामी न्यूरो थैरेपी आयुर्वेदिक कैंप हेतु विभिन्न समाज प्रमुखों की एक बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न समाज के प्रमुखों एवं सदस्यों ने कैंप को सफल बनाने और इसका लाभ सभी समाज के लोगों को कैसे मिले इसके लिए अपने सुझाव दिए।

डॉ मनोज शर्मा कोटा राजस्थान की पूरी 60 सदस्यीय टीम 24 से 27 अगस्त तक दयालबंद गुरुद्वारे में मेडिकल कैंप का आयोजन कर रही है। यह आयोजन 2019 में भी दयालबंद गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी आयोजित कर चुका है। सभी इस कैंप को सफल कराने इसका प्रचार प्रसार करने की बात कही ताकि इसका लाभ सभी वर्ग, समाज के लोग ले सके । बैठक में गुजराती समाज के अध्यक्ष केतन सुतारिया, विनोद राठौर, रजक समाज के अध्यक्ष विजय रजक, केसरवानी समाज के अध्यक्ष हेमंत केशवानी, सचिव रघुवीर केशवानी, धीरेन्द्र केशवानी, छत्री समाज के अध्यक्ष विकास राव, कार्यवाहक सुरेश राव सोमावार, बौद्ध समाज के सारंग राव हुमने, महेंद्र कुमार सोनी अध्यक्ष सोनी समाज, अग्रवाल समाज से दीपक अग्रवाल, प्रतीक केडिया, महेश अग्रवाल, स्वर्णकार समाज से राजेश सोनी, कीर्ति कुमार सोनी, मेमन समाज से जहांगीर भाभा, मो. अशरात मेमन अरबी, दयालबंद गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार परमजीत सिंह सलूजा, सचिव अमरजीत सिंह दुआ, कोषाध्यक्ष गुरदीप सिंह अजमानी, सह सचिव जसवीर सिंह गांधी, अमनदीप सिंह होरा, व्यापारी संघ बुधवारी के अध्यक्ष नितिन छाबड़ा, महेंद्र सिंह छाबड़ा, सतिंदर सिंह गांधी परमिंदर सिंग राजपाल, सुखमनी सर्कल की अध्यक्ष दलजीत कौर सलूजा, संदीप कौर सलूजा जसमीत कौर, मनप्रीत कौर आदि शामिल हुए। आए हुए सभी समाज प्रमुखों का अध्यक्ष परमजीत सिंह सलूजा, सचिव अमरजीत सिंह दुआ ने स्वागत किया।

दुर्घटना को रोकने किया जाएगा कार्य

नागपुर से झारसुगुड़ा के बीच लाइन के दोनों ओर बनेगी दीवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीआर के नागपुर से झारसुगुड़ा के बीच 600 किलोमीटर में लाइन के दोनों ओर बाउंड्रीवाल बनाई जाएगी, ताकि रेल लाइन पर मवेशियों कें कारण ट्रेन दुर्घटना और विलंब की स्थिति को रोका जा सके। इस कार्य की शुरुआत के लिए रेलवे बोर्ड की ओर से जोन मुख्यालय को स्वीकृति भी मिल चुकी है, जिसके उपरांत जल्द ही इस कार्य की शुरुआत तीनों डिवीजन में की जाएगी।

बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर का हिस्सा हावड़ा-मुम्बई मेन लाइन के बीच है। इसमें हावड़ा से मुम्बई के अलावा दिल्ली, चेन्नई, पुणे, कोटा, जम्मू सहित अन्य मेट्रो स्टेशनों के लिए ट्रेनों की आवाजाही होती है। यार्ड के अलावा रेल लाइन का हिस्सा जंगल के बीच से भी होकर गुजरा है। वर्तमान में बिलासपुर से हावड़ा के बीच तीसरी लाइन के साथ ही चौथी लाइन का कार्य बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच, मुम्बई की ओर जाने वाली लाइन में बिलासपुर से रायपुर, रायपुर से दुर्ग, दुर्ग से गोंदिया और इतवारी के बीच शुरु कर दिया गया है। इस लाइन के साथ ही आटो सिग्नलिंग, विद्युतीकरण व अन्य कार्य भी किए जा रहे हैं। वहीं ट्रेनों को दुर्घटना से बचाने क लिए कवच का काम भी तीनों डिवीजन में शुरु कर दिया गया है। करोड़ों रुपए की लागत से किए जाने वाले लाइन व अन्य कार्य के बावजूद सबसे बड़ी समस्या मवेशियों की रहती है।

600 किमी में होगा कार्य

रेलवे बोर्ड से स्वीकृति मिलने के बाद ही बिलासपुर, रायपुर और नागपुर डिवीजन में यार्ड सहित रेल लाइन का सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है। इस सर्वे के दौरान सबसे पहले यार्ड को चिन्हित किया गया है, जहां से ट्रेनों की आवाजाही के अलावा स्टेशन आने के बाद ट्रेन को रखरखाव व अन्य कार्य के लिए कोचिंग डिपो में रवाना किया जाता है। यार्ड में संटिंग के दौरान चालकों को मवेशी भी नजर नहीं आते हैं, जिसके कारण दुर्घटना होती है। पहले चरण में यार्ड के दोनों ओर बाउंड्रीवाल करने के बाद बिलासपुर से झारसुगुड़ा और बिलासपुर से नागपुर के बीच करीब 600 किलोमीटर में बाउंड्रीवाल का कार्य किया जाएगा।

किया जाएगा कार्य

यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने रेलवे में लगातार कार्य किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। मवेशियों को रोकने के लिए अब बाउंड्रीवाल का कार्य भी शुरु होगा, जिससे ट्रेन दुर्घटना में भी कमी आएगी।

-अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

हरिभूमि
बिलासपुर, शुक्रवार,14 अगस्त 2026
लाइव
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

संगठन-समाज ने मनाया सावन उत्सव

तेलुगू संयुक्त समाज की महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव

बिलासपुर। महिला विंग, तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति द्वारा तेलुगू संयुक्त समाज की महिलाओं के लिए सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न मनोरंजक खेल, सावन सुंदरी प्रतियोगिता एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन वाई. दुर्गा राव ने किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महिलाओं ने चर्चा के दौरान बताया कि नगर विधायक अमर अग्रवाल के सहयोग से तेलुगू संयुक्त समाज का सामुदायिक भवन, हेमू नगर में शीघ्र ही उद्घाटन होने जा रहा है।

इस अवसर पर महिलाओं ने सामूहिक संकल्प लिया कि आने वाले वर्षों में भी सावन मिलन, डांडिया, होली मिलन सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन उत्साह और एकजुटता के साथ समाज के सामुदायिक भवन में किया जाता रहेगा। सावन मिलन समारोह के अंतर्गत आयोजित कप गेम प्रतियोगिता में प्रथम हेमा तथा द्वितीय पिंकी रही। वहीं सावन सुंदरी में प्रथम वंशिका तथा द्वितीय मंगा रेड्डी रही। कार्यक्रम में सरिता द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने सभी का मन मोह लिया और कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। सावन मिलन समारोह तेलुगू समाज की संस्कृति, परंपरा, प्रतिभा एवं महिला एकता का सुंदर उत्सव बनकर सामने आया। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए आपसी सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम में वाई. दुर्गा राव, इन्दुमती, वरलक्ष्मी, बी. ज्योति, एन. लक्ष्मी, एम. इंदु, टी. अनुषा, जी. हेमा, श्रीशा, सरिता, कांता, हेमलता, एन. लवानिया, चिन्नी, उमा नायडू, दिव्या सहित तेलुगू संयुक्त समाज की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

लिआफ़ी की महिला अभिकर्ता ऋतु बनी सावन सुंदरी

बिलासपुर। भारतीय जीवन बीमा अभिकर्ता संघ लिआफ़ी की महिला अभिकर्ताओ ने मण्डल अध्यक्ष इमरान आलम के नेतृत्व मे सावन सुंदरी प्रतियोगिता तथा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमे स्थानीय तीनों शाखाओ के महिला अभिकर्ताओ ने भाग लिया।

मण्डल अध्यक्ष ने बताया की बिलासपुर में जीवन बीमा अभिकर्ता संघ मे महिला अभिकर्ताओ की अहम भूमिका रहती है तथा वे संगठन के प्रत्येक गतिविधियों मे समान योगदान देती है। सावन सुंदरी प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल इमरान आलम एवं माया निखार ने सी ए बी शाखा की महिला अभिकर्ता ऋतु चंद्राकार को विजयी घोषित किया। इस कार्यक्रम के दूसरे चरण में उपस्थित अभिकर्ता द्वारा एकल गायन, देशभक्ति गीत तथा क्विज प्रतियोगिता का भी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसके विजयी प्रतिभागियों को मण्डल अध्यक्ष द्वारा पुरस्कृत किया। अंत में मण्डल उपाध्यक्ष नितिन त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम का संचालन मो हारून रिजवी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सविता पांडे, ममता दीप, ऋतु चंद्राकार, सुजाता शर्मा, प्रीतम सिंग, संतोष साहू, ध्रुव अग्रवाल, ए श्रीनिवास आदि का योगदान रहा।

मानस महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव

बिलासपुर। मानस महिला मंडल नेहरू नगर की महिलाओं ने सावन उत्सव उत्साह से मनाया। महिलाएं हथेलियों पर चांद के समान गोल मेहंदी तथा पैरों में आलता लगाकर हरे परिधानों में पूजा में शामिल हुईं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि हमारी धरती मां सदा हरी-भरी रहे और खेतों में हमेशा हरियाली बनी रहे।

ग्रीनयार्ड में सावन की थीम पर किटी पार्टी का लिया आनंद

बिलासपुर। ग्रीनयार्ड में सावन की थीम पर किटी पार्टी का आयोजन किया गया। जिसकी मेजबान प्रीति ठाकुर एवं कोमल सोमावार थीं। सभी सदस्य सावन के हरे रंग के परिधान में सज-धज कर आए और माहौल पूरा हरियाली से भर गया। विशेष अंदाज में सब का स्वागत किया गया। सावन की थीम पर स्वादिष्ट स्वल्पाहार एवं म्यूज़िकल गेम का खूब आनंद उठाया। सभी सदस्यों को श्रृंगार के प्रतीक हरी चुडिंया बिंदी आदि दी गई। सावन सुन्दरी रीतू ठाकुर बनी, उनको शेशे और क्राउन पहना कर सम्मानित किया गया।

गुरुवार को पुलिस परेड ग्राउंड में हुई अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल

रिहर्सल में दिखा जोश, कल बिखरेंगे देशभक्ति के रंग

स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को पुलिस परेड ग्राउंड में सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए इस बार शहर के छह स्कूलों का चयन किया गया है। इन स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से देशभक्ति पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इसका अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल गुरुवार को कराया गया।

बिलासपुर। रिहर्सल में 15 अगस्त को केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की पूरी रूपरेखा, फूल ड्रेस रिहर्सल में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, परेड निरीक्षण और 13 टुकड़ियों द्वारा शानदार मार्च पास्ट का पूर्वाभ्यास किया गया।

कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसएसपी रजनेश सिंह ने रिहर्सल के दौरान समारोह के मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बैंड प्रदर्शन, पुरस्कार एवं सम्मान सहित प्रत्येक आयोजन की बारीकियों को देखा और राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुरूप सभी तैयारियां समयबद्ध और बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल ने रिहर्सल में मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई।

रेल मंडल में तिरंगा रैली एवं चित्रकारी कर देशभक्ति का संदेश

'हर घर तिरंगा' अभियान-2026 के तहत बिलासपुर मंडल रेल प्रशासन द्वारा तिरंगा रैली एवं रेलवे स्कूलों में चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। तिरंगा रैली का शुभारंभ सहायक कार्मिक अधिकारी द्वारा तिरंगा झंडा लहराकर रैली को रवाना किया गया। हाथों में तिरंगा लेकर रेलवे अधिकारी-कर्मचारी पूरे उत्साह और उमंग के साथ रैली में शामिल हुए। रैली रेलवे कॉलोनियों, बिलासपुर रेलवे स्टेशन, रेलवे चिकित्सालय, महाप्रबंधक कार्यालय, एनईआई इंस्टीट्यूट एवं बुधवारी बाजार सहित विभिन्न मार्गों से होते

हुए पुनः मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में संपन्न हुई। रेलवे स्कूलों में आयोजित चित्रकारी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 'हर घर तिरंगा' अभियान का व्यापक प्रसारप्रमुख स्टेशनों पर यात्री उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से देशभक्ति गीतों की वाद्य धुनों का प्रसारण भी किया जा रहा है। मंडल रेल प्रशासन द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ यात्रियों और आम नागरिकों से अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज को सम्मानपूर्वक फहराने 'सेल्फी विद तिरंगा' अपलोड करने का आह्वान किया जा रहा है।

बच्चे करेंगे ताईक्वांडो का प्रदर्शन

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह में एक नया आकर्षण बच्चों का साहसिक खेल ताईक्वांडो का प्रदर्शन रहेगा। इसके साथ ही जिला पुलिस एवं केंद्रीय जेल की संयुक्त बैंड द्वारा देशभक्ति की धुनों पर विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। मुख्य समारोह में नक्सल हिंसा में शहीद हुए जवानों एवं नागरिकों के परिवारों के प्रति आदर और श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके योगदान को नमन किया जाएगा। वहीं शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया जाएगा। ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा समारोह में नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई जाएगी।

रैली निकालकर डाक विभाग ने दिया देशभक्ति का संदेश

भारतीय डाक विभाग के बिलासपुर संभाग द्वारा आज प्रवर अधीक्षक बी. एल. जांगड़े के नेतृत्व में "हर घर तिरंगा" अभियान के अंतर्गत भव्य देशभक्ति रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से नागरिकों में राष्ट्रप्रेम, एकता और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने का संदेश दिया गया।

रैली के दौरान जैन इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों को डाक विभाग की कार्यप्रणाली एवं सेवाओं की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को राष्ट्रध्वज के महत्व तथा तिरंगे के सम्मान के प्रति भी जागरूक किया गया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट मनोज कुमार के नेतृत्व में

निकली देशभक्ति से ओतप्रोत रैली का प्रधान डाकघर बिलासपुर परिसर में प्रवर अधीक्षक बी. एल. जांगड़े द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान देशभक्ति का उत्साह और राष्ट्रप्रेम का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर बिलासपुर डाक विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

भाजपा कार्यकर्ता और युवाओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

भाजपा के आह्वान पर तिरंगा यात्रा, तिरंगे के सम्मान और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना के साथ भारत माता की जय घोष ,वंदे मातरम ,और जय हिंद के नारों से तिरंगा यात्रा में भाजपा के कार्यकर्ता मातृशक्ति एवं युवाओं ने राष्ट्र की एकता अखंडता और संप्रभुता की रक्षा का संकल्पित तिरंगा यात्रा निकाली। स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं बल्कि उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग,तपस्या और बलिदान को याद करने का दिन है, जिनके कारण आज देश स्वतंत्र है। तिरंगा यात्रा में राष्ट्र प्रेम समर्पण और देश के प्रति सम्मान को दर्शाता है। तिरंगा यात्रा का दृश्य भावी पीढ़ि के लिए प्रेरणादाई है, तिरंगा भारत

की अस्मिता गौरव त्याग शौर्य और एकता का प्रतीक है। जब समाज का हर वर्ग तिरंगे के सम्मान में एक साथ खड़ा होता है तो राष्ट्र की शक्ति और मजबूत होती है, देशभक्ति की भावना केवल स्वतंत्रता दिवस तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

मुंगेली नाका क्षेत्र में वितरित किया गया तिरंगा

देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक हर घर तिरंगा-घर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मुंगेली नाका क्षेत्र में गुरुवार को तिरंगा ध्वज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम नगर विधायक अमर अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक सिंह के दिशा-निर्देश पर आयोजित हुआ।

अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक घर और प्रतिष्ठान पर तिरंगा फहराने का संकल्प लिया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं

ने मुंगेली नाका क्षेत्र के व्यापारियों एवं नागरिकों के घर-घर एवं दुकानों में जाकर तिरंगा ध्वज वितरित किए। इस अवसर पर पार्षद नितिन पटेल, सुभाष तिवारी, प्रवीण नायडू, नरेंद्र सिंह सिंगरौल, पंकज जयसवाल, अंकित तिवारी सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

आयुष विभाग ने निकाली तिरंगा रैली, देशभक्ति रंग लाई

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं जागरूकता के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार "हर घर तिरंगा अभियान" के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा गौरव पथ रिंग नंबर-2 में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व जिला आयुष अधिकारी डॉ. यशपाल सिंह ध्रुव ने किया। इस दौरान आयुष विभाग के अधिकारी-कर्मचारी पूरे उत्साह और देशभक्ति के जज्बे के साथ हाथों में तिरंगा लेकर रैली में शामिल हुए। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नारों के

माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशप्रेम का संदेश दिया। रैली के मार्ग में उपस्थित नागरिकों को अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज सम्मानपूर्वक फहराने के लिए प्रेरित किया गया। इसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीय ध्वज से भावनात्मक रूप से जोड़ना है।

रेलवे स्कूल 1 का सीबीएसई क्लस्टर एवं जोन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन

योग ट्रेडिशनल स्पर्धा में अर्पिता, दीक्षा, हंसिका, ग्रीसी, दीपा को स्वर्ण

स्पोटर्स न्यूज

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 के विद्यार्थियों ने सीबीएसई क्लस्टर एवं जोनल की विभिन्न खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यार्थियों ने योग, एथलेटिक्स, ताइक्वांडो, बाक्सिंग, स्केटिंग एवं तैराकी जैसे विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किया।

कोलकाता में आयोजित सीबीएसई जोनल योग ट्रेडिशनल ग्रुप प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा अर्पिता दत्ता, दीक्षा रमन, हंसिका प्रमाणिक, ग्रीसी कैवर्त एवं दीपा यादव ने स्वर्ण पदक और रिदमिक पेयर योग में दीक्षा रमन एवं ग्रीसी कैवर्त ने रजत पदक प्राप्त किया। केआईआईटी इंटरनेशनल स्कूल भुवनेश्वर ओडिशा में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के श्रेयांश कुमार राय ने 800 मीटर एवं 1500 मीटर रनिंग इवेंट में स्वर्ण पदक, बाक्सिंग में जयश राव, बी एरिक एवं कथित सिंह ने स्वर्ण पदक, अनंत हापसे ने कांस्य पदक हासिल किया। डीपीएस स्कूल पुरुलिया

पश्चिम बंगाल में आयोजित प्रतियोगिता में छात्र शांतनु कश्यप ने कांस्य पदक, रायपुर के केपीएस स्कूल सरोना में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर स्केटिंग प्रतियोगिता में बी रुद्राक्ष नायडू ने कांस्य पदक, नमामि बताव ने रजत पदक जीती। दुर्ग डीपीएस भिलाई में आयोजित स्वीमिंग प्रतियोगिता में शिवांगिनी पांडे ने विभिन्न स्पर्धाओं 50 मीटर फ्री स्टाइल, 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले, 50 मीटर बटरफ्लाई, 200 मीटर मेडल फ्री स्टाइल एवं 100 मीटर मेडल फ्री स्टाइल में पांच स्वर्ण पदक, सत्यम पाण्डेय ने तैराकी में तीन स्वर्ण पदक, एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के पदक प्राप्त करने पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सह विद्यालय नियंत्रण अधिकारी डॉ. अंशुमान मिश्रा, मंडल कार्मिक अधिकारी, सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी, प्राचार्य, उप प्राचार्य सहित स्कूल के शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी हैं।

भाला फेंक स्पर्धा अंडर 14 बालक वर्ग में लक्की प्रथम

राज्य स्तरीय भाला फेंक प्रतियोगिता का समापन और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अंडर 14 बालक वर्ग की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए लक्की यादव प्रथम स्थान पर रहे। प्रदेश और जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में पांचवीं राज्य स्तरीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन बहतराई स्टेडियम में किया गया। इसमें अंडर 14 बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर लक्की यादव, दूसरे नम्बर पर रोहन पटेल, तीसरे नम्बर पर अंश पानीकर, बालिका वर्ग में प्रथम मेघा, दूसरे नम्बर पर सोनिया, तीसरे नम्बर पर इवा राय, अंडर 16 बालक वर्ग में प्रथम आशीष, दूसरे नम्बर पर युवराज पंडित, तीसरे नम्बर पर कान्हा साहू, बालिका वर्ग में प्रथम धनेश्वरी, दूसरे नम्बर पर जीविका, तीसरे नम्बर पर मानवी ध्रुव, अंडर 18 बालक वर्ग में प्रथम देवलाल, दूसरे नम्बर पर नरेश कुमार, तीसरे नम्बर पर अनुराग सिंह, बालिका वर्ग में प्रथम हिमानी मोहने, दूसरे नम्बर पर शीतल

कुशवाहा, तीसरे नम्बर पर किरण, अंडर 20 बालक वर्ग में प्रथम अभय कुमार, दूसरे नम्बर पर हिमांशु तिवारी, तीसरे नम्बर पर मोहित, बालिका वर्ग में प्रथम आकांक्षा मधुकर, दूसरे नम्बर पर शारदा चतुर्वेदी, तीसरे नम्बर पर आंचल पाटले, अंडर 23 बालक वर्ग में प्रथम कृष्णा सहू, दूसरे नम्बर पर मनीष कुमार, तीसरे नम्बर पर रामगोपाल, बालिका वर्ग में प्रथम ब्यूटी सिंह, दूसरे नम्बर पर तान्या केंवट, तीसरे नम्बर पर निहारिका, सीनियर पुरुष वर्ग में प्रथम गिरधारी, दूसरे नम्बर पर दीपेश रहे।

खबर संक्षेप

बाजार मोहल्ला से पंचायत भवन तक निकली तिरंगा रैली

भर्रीडांड़। मरवाही विकास खंड में आत्मानंद सेजेस स्कुल के छात्र छात्राओं ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य रैली का आयोजन हुआ। ग्राम भर्रीडांड के बाजार मोहल्ला से पंचायत भवन तक तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें भाजपा परिवार के मध्य मंडल प्रभारी जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह दीक्षित, भाजपा जिला महामंत्री किशन सिंह ठाकुर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दयाचंद पोर्ते, पूजा चौधरी, जिला मंत्री किशमिश भानु, कमलेश यादव, अजय रजक, सरपंच सुमन सिंह वाकरे, संदीप मिश्रा, प्रमोद राय, मुकेश दीक्षित, पारस नाथ चौधरी, लोकनाथ केवट, धुम्माटोला सरपंच मेला राम, पार्वती चंद्रा, प्रताप चंद्रा, मुरली धर कंवर, मंडल प्रेम दास पंत, अमोल सिंह करियाम, पल्लवी चंद्रा,भाजपा कार्यकर्ता एवं आम ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

उद्यानिकी कॉलेज के छात्रों ने तिरंगा लेकर चलाया जन-जागरूकता अभियान

बिल्हा। उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, हथनी बिलासपुर में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'हर घर तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए तिरंगा लेकर जन-जागरूकता अभियान चलाया और लोगों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया। यह अभियान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. तोरन लाल साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना को सुदृढ़ करना तथा समाज में तिरंगे के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाना रहा।

मोपका पुलिस चौकी से निकली तिरंगा यात्रा

मोपका। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व दिवस पर भारत की शान तिरंगा भारत की आन तिरंगा के नारे के साथ मोपका पुलिस चौकी से चौकी से प्रभारी ओम प्रकाश कुर्रे के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा शहीद दीपक उपाध्याय चौक होते हुए खुटा बैगा से मेन रोड़ होते हुए पुनः मोपका पुलिस चौकी पहुंची जहां यात्रा का समापन हुआ। इस तिरंगा यात्रा में लोगों की उत्सुकता रही जिसमें बड़े बुजुर्ग से लेकर बच्चों की सहभागिता रही। इस यात्रा में पार्षद मोपका मोहन श्रीवास, पूर्व पार्षद साखन दर्वे, बहतराई पार्षद सुनील सोनकर, लिंगियाडीह पार्षद दिलीप पाटिल के साथ वरिष्ठों में चंद्र कुमार निर्णयक एवं पुलिस चौकी मोपका से हेमंत पाटले, मोहन मुरली राठौर, संतोष राठौर, रविकांत सैनिक, दीपक खाण्डेकर, मुरली भार्गव, शेख शाहजादा, इमरान खान, रविन्द्र मिश्रा, ज्ञानेश्वर यादव, व मोहम्मद अली सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

स्कूली बच्चों, महिला समूहों और नागरिकों ने एकजुट होकर निकाली यात्रा

जरहागांव। हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर के विभिन्न विद्यालयों, महिला समूहों एवं नागरिकों ने एकजुट होकर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। यह आयोजन नगर अध्यक्ष रुपाली वेद प्रकाश कश्यप, उपाध्यक्ष मनोज कश्यप, प्राचार्य आर.डी. लास्कर, धीर सिंह बंजारे, शंभू कश्यप, सुरेंद्र कश्यप एवं महावीर यादव के मार्गदर्शन में किया गया। यात्रा के दौरान लोगों को देश की एकता, अखंडता, राष्ट्रध्वज के सम्मान और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का संदेश दिया गया। तिरंगा यात्रा में स्वामी आत्मानंद विद्यालय, पूर्व माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला एवं डीवीआई स्मार्ट स्कूल, जरहागांव के विद्यार्थियों ने अलग-अलग समूहों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। महिलाओं ने हाथों में राष्ट्रीय इस दौरान महिला समूह से सीमा कश्यप, सविता कुर्रे,सविता साहू,सावित्री साहू,सीमा जायसवाल, ललिता कश्यप के साथ सैकड़ों महिलाओं, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं नगरवासियों की सामूहिक भागीदारी ने कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान किया।

धरमलाल के साथ कार्यकर्ताओं ने लगाए देशभक्ति के नारे

तिरंगा यात्रा से होगा राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना मजबूतः कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गुरुवार को सरगांव-पथरिया मंडल के तत्वावधान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान पूरा क्षेत्र देशभक्ति के नारों से गूंज उठा।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ मनियारी चौक सरगांव से हुआ। इसके बाद यात्रा अटल चौक सरगांव, वार्ड क्रमांक 09, मोहभट्ठा चौक, सांवा, बटौली, भाठापारा, बावली, धरदेई, सेतरा चौक, पड़ियाईन, जरेली पेंड्री चौक, जुनवानी होते हुए पथरिया बिजली ऑफिस, जनपद पंचायत कार्यालय, अटल चौक, बस स्टैंड और भक्त माता कर्मा चौक पहुंची। नगर आगमन पर नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव उपाध्यक्ष मनोज पांडेय , विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव के नेतृत्व में सैकड़ों महिला पुरुषों ने तिरंगा यात्रा में शामिल विधायक धरमलाल कौशिक का भव्य स्वागत किया। लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय एवं देशभक्ति के नारों के साथ राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। जिला पंचायत सभापति अनिला देवेंद्र

तिरंगा यात्रा में शामिल धरमलाल कौशिक।

राजपूत, अम्बालिका साहू एवम जनपत सभापति लोकेश साहू अपने अपने क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ यात्रा में शामिल हुए । इस अवसर पर विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि तिरंगा केवल हमारे देश की पहचान नहीं, बल्कि यह भारत की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना है। आज पूरा देश तिरंगे के सम्मान और गौरव के लिए एकजुट है। हमें अपने राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। यात्रा का समापन पर भक्त माता कर्मा चौक के पास हुआ। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, जिला भाजपा उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, जसपाल छाबड़ा, मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत , बलराम जायसवाल, युवा मोर्चा जिला महामंत्री राजेन्द्र साहू , मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र बघेल, निश्चिल गुप्ता, जिला पंचायत सभापति अनीला देवन्द्र राजपूत, मेला राम, इंद्रजीत यादव , मोनिका ओमू दिवान , रघु वैष्णव, गणेश सोनी, जगदीश वर्मा, राजेन्द्र निर्मलकर , शंकर यादव , नकछेड साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं क्षेत्र के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

राष्ट्र के प्रति गौरव व जिम्मेदारी से जोड़ने का अभियान है तिरंगा यात्राः सुशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय जनता युवा मोर्चा, बेलतरा विधानसभा के नेतृत्व में 'वंदे मातरम्' एवं 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत बाइक रैली एवं तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। मटियारी से शुरू हुई यह भव्य तिरंगा यात्रा मोहरा, सेलर, डंगनिया, खैरा, भाड़ी, बाम्हु, टेकर, नेवसा, गिधौरी एवं जाली होते हुए बेलतरा में संपन्न हुई।

इस मौके पर विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि भारत की आन, बान और शान के साथ हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, एकता और गौरव का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' अभियान प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के प्रति अपने गौरव और जिम्मेदारी से जोड़ने का अभियान है। मटियारी से बेलतरा तक निकली इस तिरंगा यात्रा में जिस उत्साह और उमंग के साथ युवाओं एवं नागरिकों ने सहभागिता की है, वह बेलतरा की राष्ट्रभक्ति और देश के प्रति समर्पण को दर्शाता है। आइए, हम सभी अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और सशक्त, आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि मटियारी से बेलतरा तक निकली यह यात्रा केवल एक बाइक रैली नहीं, बल्कि 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और युवाओं में देशभक्ति का भाव और मजबूत करने का संकल्प है। तिरंगा यात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, शंकर दयाल शुक्ला, जोगेन्द्र कश्यप, उमेश गोरहा, तिलक राम साहू, पेशीराम जायसवाल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी, मनीदास मानिकपुरी, गंगा साहू, मनोज पटेल, अनीश धीवर, ब्रजेश शर्मा, अंकुर सिंह, तुषार चंद्राकर, प्रवीण सोनकर, मुशर्रफ खान, अभिषेक साव, अंकित मिश्रा, रितेश कलवानी, यश गोरहा, विवेक यादव, संदीप जायसवाल, आशीष पटेल, शिवराज साहू, आयुष यादव, जगतरण मानिकपुरी, मयंक शर्मा, प्रवीण यादव, बाबा देवांगन, सूरज दुबे, शिवम, धीरज रजक, सृजन मिश्रा, संस्कार चौबे, प्रफुल्ल साहू, ललित सिंह, ह्तिक नामदेव, रूपेश चौबे, विक्की साहू, हरीश साहू एवं चंदन यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए।

बाइक पर सवार होकर तिरंगा यात्रा में निकले सुशांत शुक्ला।

राष्ट्र के प्रति निष्ठा, एकता और स्वाभिमान का प्रतीक है तिरंगाः साव

लोरमी। हर घर तिरंगा एवं वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ अभियान के तहत नगर में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। मानस मंच से शुरू हुई यात्रा नगर के मुंगेली चौक, हटरी चौक, नया बस स्टैंड, गुरुद्वारा चौक ,पुराना बस स्टैंड से होकर गुजरी। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष से पूरा नगर गूंज उठा। नगरवासियों ने उत्साह के साथ यात्रा में सहभागिता की। हर ओर तिरंगे के प्रति सम्मान और देश के प्रति गर्व का भाव दिखाई दिया।

- डिप्टी सीएम के नेतृत्व में निकली विशाल तिरंगा यात्रा

नगर के मानस मंच से प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा का नेतृत्व प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने किया। विभिन्न गांवों में स्वयं स्कूटी चलाकर तिंरगा यात्रा बाईक रैली का नेतृत्व में पुराना बस स्टैंड तहसील चौक झझपुरी से अनेक गांव होते हुए दाऊकापा तक तिरंगा यात्रा निकाली, जो ग्राम डोंगरिया, उरईकछार, अखरार, सारिसताल, धनियाडोली, अमलडीही, गोड़खाम्ही और बोड़तराकला होते हुए आगे बढ़ी। गांवों की गलियों और ग्रामीण रास्तों पर लहराता तिरंगा देशभक्ति का संदेश दिया। इस मौके पर 11 दिव्यांग हितग्राहियों को पेट्रोल चलित तिपहिया स्कूटी का वितरण किया गया। उप मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को स्कूटी की चाबी सौंपी वन विभाग के सर्प मित्र दल के प्रदीप ढीमर, सुरेश यादव को स्नेक कैचर प्रदान किया। समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारी निष्ठा, एकता और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से 15 अगस्त के अवसर पर अपने-अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की। इस मौके पर कलेक्टर कुन्दन कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, एसडीएम अजीत पुजारी, सीईओ सुरेष कंवर, सीएमओ चंदन शर्मा तिरंगा यात्रा प्रभारी ज्योतिनंदन दुबे, नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, जनपद अध्यक्ष वर्षाविक्रम सिंह, जिला पंचायत सदस्य रत्ना काटले, अनिता साहू, धनीराम यादव, प्रदीप मिश्रा, रवि शर्मा, रामेश्वर बंजारे, अरुण ध्रुव, गुरमीत सलूजा, कोमल साहू, महिला मोर्चा पदाधिकारी, विक्रम सिंह, दिनेश साहू, संदीप सोनी, सुरजीत भास्कर, प्रदीप गायकवाड़, संतोष साहू, मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, राजेंद्र साहू, दिनेश कश्यप, लेखराज सिंह,धनेंद्र राजपूत, तामेश्वर साहू, उत्तम साहू, अभिषेक पाठक ,किसान मोर्चा, युवा मोर्चा के अन्य साथी गण, भाजपा पदाधिकारी, पार्षद, एल्डरमैन, कार्यकर्ता, सरपंच गण, पंच गण एवं ग्रामीण शामिल हुए।

रेस्ट हाउस से अटल परिसर तक गूंजा हर घर तिरंगा का संदेश

मुंगेली। भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। रेस्ट हाउस मैदान से प्रारंभ हुई यह रैली दाऊपारा, पुराना बस स्टैंड, सदर बाजार, गोल बाजार, हेमू कॉलोनी चौक, महाराणा प्रताप चौक, बालानी चौक होते हुए अटल परिसर भाजपा जिला कार्यालय पहुंची।

रैली में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ नगरवासियों में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर नगरवासियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि देश के लिए बलिदान देने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और समर्पण को स्मरण करने का अवसर भी है। भाजपा ने नगरवासियों से अपील किया कि वे स्वतंत्रता दिवस को पूरे हर्षोल्लास, उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाएं तथा 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाते हुए राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस कार्यक्रम के संयोजक महावीर सिंह, सहसंयोजक अमितेश विज्जु आर्य एवं सदस्य वासुदेव देवांगन एवं रवि साहू रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, गिरीश शुक्ला, शैलेष पाठक, द्वारिका जायसवाल, संजय वर्मा, सुनील पाठक, गणेश बाजपेयी, रामशरण यादव, मुंगेली नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजीव श्रीवास, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, मोहन मल्लाह, महेन्द्र पारख, कोटू दादवानी, पार्षद निमेष देवांगन, नंद किशोर सिंह, गोकुलेश सिंह, सत्तू सिंह, सत्त नारायण देवांगन, राकेश साहू, संदीप सिंह ठाकुर, प्रदीप सिंह, ऋतुराज सिंह, राजेश्वर सिंह टंडन, संदीप साहू, श्वेता सोनी, राघवेंद्र सिंह, महेश यादव, विजय यादव, वैभव ताम्रकार, यश गुप्ता, श्रीओम सिंह, वासु पाण्डेय, घनश्याम यादव, गायत्री भोई, सरस्वती सोनी, यशोदा यादव, विनोद श्रीवास, सुनील सोनी, प्रवीण सोनी, रमेश कुलमित्र, मोहित यादव, दीपक सोनकर, संतोष लखवानी, रामजी यादव, जीवन पटेल, रोशन पाण्डेकर, भरत पाटकर, विक्रांत देवांगन, भुवनेश्वर साहू, होरीलाल सोनकर, अजय चंद्राकर सहित भारतीय जनता पार्टी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के ज्येष्ठ श्रेष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव द्वारा दिया गया।

तिरंगा यात्र में शामिल भाजपा कार्यकर्ता।

कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

मरवाही। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व डॉ. भंवर सिंह पोर्ते आदिवासी महाविद्यालय मरवाही के छात्र-छात्राओं ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर से हुआ। यात्रा एसडीएम कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय होते हुए मुख्य मार्ग से विद्यासागर चौक, बस स्टैंड होते हुए थाना प्रांगण तक पहुंची। इसके बाद यात्रा पुनः महाविद्यालय परिसर पहुंची, जहां हर घर तिरंगा अभियान के लिए शपथ दिलाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार साहू, सहायक प्राध्यापक सावित्री केवट, सहायक प्राध्यापक किरण गुप्ता, गोवर्धन तिवारी, युवराज साहू, लखन लाल श्याम, राजेन्द्र ताम्रकार सहित अन्य स्टाफ सदस्य सुरेन्द्र सिंह एवं निरंजन सिंह उपस्थित रहे।

सरगांव में अभियान का कौशिक के किया नेतृत्व

सरगांव। हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर पंचायत सरगांव पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। पूर्ण सम्मान, असीम उत्साह और गरिमामयी भव्यता के साथ ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रखंड मुख्यालय सहित प्रमुख चौक चौराहे 'भारत माता की जय' , 'जय हिंद' झंडा ऊंचा रहे हमारा के गगनभेदी जयघोषों तथा देशभक्ति गीतों की धुनों से गूंज उठा। इस तिरंगा यात्रा में स्थानीय स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक पदाधिकारियों , कार्यकर्ताओं ने कंधे से कंधा मिलाकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति की भावना जिस जीवंतता, समर्पण और अभूतपूर्व उत्साह के साथ प्रदर्शित हुई, उसने पूरे माहौल को राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया। तिरंगा यात्रा में जिला पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय विधायक पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश ठाकुर ,वर्तमान मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, जिला पंचायत सभापति अम्बालिका साहू ,नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू, जनपद सदस्य रिजवान, बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

मोहन वाटिका से निकली विशाल तिरंगा यात्रा

तखतपुर। भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश देने के उद्देश्य से तिरंगा यात्रा निकाली गई। पैदल चाल के साथ-साथ ट्रेक्टर में किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत भी शामिल हुए। यात्रा में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, युवा, महिलाएं एवं नगरवासी हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक शामिल हुए। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ मोहन वाटिका से किया गया। जो नगर के मुख्य बाजार एवं प्रमुख मार्गों से होते हुए आगे बढ़ी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू, मंडल महामंत्री प्रमोद सिंह ठाकुर, प्रीतम कश्यप, जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, लव पांडे, कृष्ण कुमार साहू, ईश्वर देवांगन, लता कश्यप, कोमल ठाकुर, अमित मंदानी, विजयपुर मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, कैलाश देवांगन, सुरेश देवांगन, अजय यादव,संगीता धुरी,सुनील देवांगन, आरती शिवहरे, लक्ष्मी पांडेय, ज्ञान ठाकुर, शिप्रा सैम्यूल आयुष सिंह ठाकुर, श्यामरामा नंदी, काशी देवांगन, शुभम पांडेय, सीमा श्रीवास, देवी साहू, नरेंद्र रात्रे, मुनीम जायसवाल, राघवेंद्र पांडेय आदि उपस्थित रहे।

आम सूचना

सर्वसाधारण संबंधित को सूचित किया जाता है कि हम मेसर्स अंतुलाल एंड संस, पता – ग्राम पेन्ड्रीडीह, रायपुर रोड, पोस्ट: हिर्री, जिला: बिलासपुर (छ.ग.)। जो कि भागीदारी फर्म है जिसमें किशन कुमार बुधिया, पिता अंतुलाल बुधिया, श्रीमती उर्मिला देवी बुधिया पति: श्री किशन कुमार बुधिया भागीदार हैं। श्री शौर्य बुधिया, पिता श्री अमेश बुधिया उक्त फर्म की भागीदारी में शामिल हो रहे हैं ।

उक्त फर्म अथवा इसके भागीदारों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, फर्म, कंपनी, बैंक, सरकारी अथवा अर्ध सरकारी संस्था आदि को कोई भी विवाद, दावा, रकम संबंधी बकाया या विवाद या अन्य कोई हक हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के दस (10) दिनों के भीतर दावा संबंधित प्रपत्र के साथ हमारे निम्नांकित पते मे कार्यालय में उपस्थित हो कर दावा–आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के बाद की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं यही समझा जाएगा कि उक्त कार्य हर प्रकार से भार एवं विवाद मुक्त है।

पता : मेसर्स अंतुलाल एंड संस,
ग्राम पेन्ड्रीडीह, रायपुर रोड,
पोस्ट: हिर्री, जिला: बिलासपुर (छ.ग.)
सूचना प्रकाशितकर्ता
श्री किशन कुमार बुधिया
श्रीमती उर्मिला देवी बुधिया
श्री शौर्य बुधिया

न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ /अ-20(4)2025-26

पक्षकार : वनवासी विकास समिति (पंजीकृत) अध्यक्ष उमेश कुमार कश्यप आवेदक...
बनाम छ.ग. शासन.... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री/श्रीमती वनवासी विकास समिति (पंजीकृत) अध्यक्ष उमेश कुमार कश्यप निवासी पंचवटी रोहणीपुरम रायपुर (छ.ग.) ने स्वत: के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चांटापारा शीट नंबर 12 प्लाट नं. 13/1 रकबा 2604 वर्गफुट भूमि जो नजूल अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि पर भवन निर्माण करना चाहता है। जिसके लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए आवेदन इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। पट्टे सामाप्ति की अवधि 31/3/54 तक वैध है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे दिनांक 03/09/26 को न्यायालयीन समय में स्वत:/अधिवक्ता/अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 13/8/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

आम - सूचना

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि साझेदारी विलेख दिनांक 20/02/2023 के अनुसार मेसर्स–SANWARE BUILDCON फर्म में 5 साझेदार के माध्यम से व्यापार एवं लेन–देन किया जा रहा था।

संशोधित साझेदारी विलेख दिनांक 01/04/2024 के अनुसार इस फर्म में श्रीमति ज्योति भोजवानी को सम्मिलित किया गया है।

साझेदार इस प्रकार हैं:-

1. श्री कृष्णा नाथानी
2. श्री अनिल कुमार भोजवानी
3. श्री हर्ष अग्रवाल
4. श्री राम कुमार मंसुखानी
5. श्री प्रदीप पुरी (एच.यू.एफ.)
6. श्रीमति ज्योति भोजवानी

सभी संबंधित लोगों को सूचनार्थ पेपर प्रकाशन किया गया है।

M/s SANWARE BUILDCON
साझेदार -
अनिल कुमार भोजवानी
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

न्यायालय माननीय चतुर्थ अपर जिला न्यायाधीश, बिलासपुर (छ.ग.)
(सूचना, अंतर्गत आदेश 05 नियम 20 सि.प्र.सं.)
नोटिस

अमरनाथ वगैरह – अपीलार्थीगण
प्रकरण क्रमांक – सिविल अपील
(अ)/ 141 /2019
श्रवण दिनांक 20/08/2026
प्रोसेस नम्बर – 110

विरुद्ध
दिनानाथ वगैरह – उत्तरवादीगण
प्रति,
माण्डवी, पति राजेन्द्र, निवासी खैरा, तहसील पथरिया व जिला मुंगेली छ.ग. ।

अमरनाथ तिवारी के वारीसान अनिमेष तिवारी वगैरह ने इस न्यायालय के समक्ष, न्यायालय पंचम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग–2, बिलासपुर के व्यवहार वाद क्रमांक 590–अ/2014, अमरनाथ वगैरह वि. दिनानाथ वगैरह के निर्णय दिनांक 24–04–2019 के विरुद्ध अपील प्रस्तुत की है। जिसमें आप को उत्तरार्थी के रुप में पक्षकार बनाया गया है।

आप को सूचित किया जाता है कि प्रकरण में श्रवण दिनांक 20/08/2026 को सुनवाई हेतु नियत है। आप उक्त तिथि को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई में हिस्सा लेकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण का निराकरण किया जाएगा। इस नोटिस के प्रकाशन के द्वारा इस आशय की सूचना आप को की जा रही है।

आज दिनांक 8/8/26 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर के सहित सूचना जारी की गई।

(ओमप्रकाश साहू)
चतुर्थ अपर जिला न्यायाधीश,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)

॥ जय श्री महाकाल ॥
जय श्री महाकाल
आपको आपके जन्मदिन की
अनंत शुभकामनाएं
शिवा नायडू जी
महाकाल की कृपा और आपके नेतृत्व की ऊर्जा से
समाज और देश निरंतर प्रगति करें,
इसी मंगलकामना के साथ !
महाकाल का आशीर्वाद हमेशा आपके साथ रहे
समस्त युवा साथी
YOUTH CONGRESS

खबर संक्षेप

अश्लील वीडियो वायरल करने वाले 3 गिरफ्तार

बिलासपुर। नौकरी दिलाने के नाम पर महिला की अश्लील वीडियो वायरल करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मस्तूरी टीआई सलीम खाखा ने बताया, क्षेत्र के रहने वाले ट्रांसपोर्टर ने हिसाब में गड़बड़ी करने पर तीन नौकरों को नौकरी से निकाल दिया था। तीनों ने उनकी पत्नी की अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर वीडियो वायरल करने वाले खपरी लिमतरा निवासी अजय चौरी पिता अमृत चौधरी, नरेश पटेल पिता कुश पटेल, पिताम्बरसिंह पिता बजैनाथ सिंहको गिरफ्तार कर लिया है।

पोस्ट आफिस में 19 को डाक अदालत

बिलासपुर। 19 अगस्त को कार्यालय अधीक्षक डाकघर में डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उपभोक्ताओं की समस्याओं की सुनवाई के बाद निराकरण किया जाएगा। इस दौरान काउंटर सेवा, मनी आर्डर, बचत बैंक, मूल्य देय वस्तुएं, डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा, स्पीड पोस्ट वस्तुएं व विदेशी डाक वस्तुएं आदि से जुड़ी समस्याओं की सुनवाई होगी। किसी उपभेक्ताओं को इन मामलों की शिकायत हो और उसका अभी तक संतोषजनक जवाब नहीं मला तो वह शिकायत का ब्यौरा 18 अगस्त तक डाकघर में प्रेषित कर सकते हैं।

अमृत सरोवरों में होंगे अनेक कार्यक्रम कल

बिलासपुर। भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी अमृत सरोवर स्थलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करने पत्र जारी किया है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करना और अमृत सरोवरों को जीवंत सामुदायिक केन्द्रों के रूप में बढ़ावा देना है। भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के निर्देश के तहत प्रत्येक अमृत सरोवर पर जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी, स्व-सहायता समूह, स्कूल और कालेज, युवा क्लब, पर्यावरण प्रेमी और स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। अमृत सरोवर स्थलों पर राष्ट्रीय ध्वज किसी स्वतंत्रता सेनानी, शहीद के परिवार के सदस्य, पद्म पुरस्कार विजेता, ग्राम पंचायत के वरिष्ठ नागरिक द्वारा फहराया जाए।

यात्रियों को मिलेगी अतिरिक्त कोच की सुविधा

बिलासपुर। रेल प्रशासन ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोनल स्टेशन से होकर गुजरने वाली दो ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा यात्रियों के लिए अस्थायी रूप से उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। 18641 हटिया से दुर्ग के बीच चलने वाली एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा 18 अगस्त को और 18642 दुर्ग-हटिया एक्सप्रेस में 19 अगस्त को, इसी तरह 18030 शालीमार से एलटीटी के बीच चलने वाली एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी थ्री कोच की सुविधा 15 से 21 अगस्त तक और 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में 17 से 23 अगस्त तक यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगी।

बीटेक में 4 हजार 622 स्टूडेंट्स ने लिया प्रवेश

1 से 6 अगस्त तक संस्था स्तर पर काउंसिलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन हुआ

इंजीनियरिंग में 6 हजार से अधिक सीटें खाली, अंतिम राउंड के एडमिशन में चल रही कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में इंजीनियरिंग कालेजों में बैचलर ऑफ टेक्नालाजी बीटेक की 6 हजार से अधिक सीटें खाली रह गई है। इन रिक्त सीटों को भरने के लिए अंतिम राउंड के एडमिशन में कवायद चल रही है। अभी तक इंजीनियरिंग में 4 हजार 622 स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया है।

इंजीनियरिंग कालेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अंतिम दौर की एडमिशन प्रक्रिया चल रही है और अभी भी इंजीनियरिंग में बीटेक की 6 हजार से अधिक सीटें बची हुई हैं। आखिरी राउंड में इनमें से कुछ और सीटों पर प्रवेश होने की संभावना है। वैसे अभी तक बीटेक में 4 हजार 622 सीटों पर एडमिशन हो चुका है। प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होते तक यह आंकड़ा कुछ और बढ़ जाएगा। तकनीकी शिक्षा संचालनालय ने इंजीनियरिंग की काउंसिलिंग का शेड्यूल पहले जारी किया गया था, उसके अनुसार 30 जून से काउंसिलिंग प्रक्रिया चालू हो गई थी और स्टूडेंट्स को प्रत्येक राउंड के लिए अलग-अलग आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना था। पहले राउंड में 3 हजार 321 स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया था। अभी तक दो राउंड की आनलाइन काउंसिलिंग हो गई है और संस्था स्तर पर स्पॉट राउंड प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इसमें गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेजों की स्थिति तो ठीक है और उनकी अधिकांश सीटें फूल हो गई है, जबकि प्राईवेट इंजीनियरिंग कालेजों में सभी ब्रांचों में सीटें खाली रह गई हैं।

दो राउंड काउंसिलिंग बाद संस्था स्तर पर प्रवेश

पहले राउंड के लिए रजिस्ट्रेशन 6 जुलाई तक हुआ और 7 जुलाई को मेरिट लिस्ट जारी की गई, जिसपर दावा-आपत्ति के बाद 10 को सीट आवंटित किया गया। इस तरह पहले राउंड का रजिस्ट्रेशन 15 जुलाई तक चला और इसके बाद 17 जुलाई से 21 जुलाई तक दूसरे राउंड का रजिस्ट्रेशन हुआ। दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के लिए 25 जुलाई को सीट आवंटित किया गया जिसपर 26 से 30 जुलाई तक एडमिशन चला। इसके बाद 1 से 6 अगस्त तक संस्था स्तर पर काउंसिलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन हुआ और 9 अगस्त को मेरिट सूची जारी की गई।

34 कालेजों में 11 हजार 70 सीटें

इस सत्र प्रदेश के 34 इंजीनियरिंग कालेजों में बीटेक पाठयक्रम में प्रवेश दिया जा रहा है। इसमें बिलासपुर, रायपुर व जगदलपुर के तीनों गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज सहित प्राईवेट कालेज भी शामिल हैं। इन इंजीनियरिंग कालेजों में कोटे की सीट 9 हजार 522 है, जबकि मैनेजमेंट व मायनारिटी मिलाकर कुल 11 हजार 70 सीटें हैं। इनमें वर्तमान में 6 हजार से अधिक सीटें रिक्त हैं।

यह है निगम का हाल: निगम ने कभी पता ही नहीं किया कि कहां-कहां अवैध निर्माण हुआ है

शहर में कितने अवैध निर्माण हुए, पिछले 10 सालों से सर्वे ही नहीं कराया जा सका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में मकान बनाने वाले निगम में भवन नक्शा के लिए आवेदन कर रहे है या नहीं इसके लिए निगम तंत्र सक्रिय नहीं है। निगम के पास इसका कोई रिकार्ड भी नहीं है। लोकसेवा गारंटी अधिनियम लागू होने के बाद भी पिछले 10 सालों में शहर में अवैध निर्माण के लिए निगम ने कभी पता ही नहीं किया कि कहां-कहां अवैध निर्माण हुआ है। निगम के अधिकारी हमेशा कहते हैं कि शिकायत आने पर कार्रवाई होती है।

■ निगम के अधिकारी हमेशा कहते हैं कि शिकायत आने पर कार्वाई होती है

शहर में अवैध निर्माण करने वालों पर निगम के अफसरों ने लंबे समय से कोई कार्वाई नहीं की है। निगम से मिले आंकड़ों के अनुसार इन 10 सालों में 5 हजार से अधिक नक्शे पास हुए है। इधर शहर में निर्माण की हालत देखें तो मिलेगा की हर साल 5 हजार से अधिक निर्माण हो रहे हैं। अवैध निर्माण होने तक इसकी जानकारी निगम अफसरों को नहीं लगती और निर्माण के बाद उसका प्रस्ताव शासन को नियमितिकरण के लिए भेज दिया जाता है। शहर में ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां अवैध निर्माण करने वालों ने दो से तीन मंजिल मकान बना लिए लेकिन निगम की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई। निगम के अफसरों की मानें तो निगम सिर्फ शिकायत होने पर ही कार्रवाई करता है। इसके अलावा अवैध निर्माण करने वालों को रोकने वाला कोई नहीं है। शहर के तालाब, श्मशान घाट निगम की सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण हो चुके हैं, लेकिन निगम के अफसरों को ऐसे अवैध निर्माण करने वालों को नोटिस तक देने की फुर्सत तक नहीं है।

अधूरे निर्माण पर भी पास करा सकते हैं नक्शा

निगम प्रबंधन ने बताया कि अर्ध-विकसित और विकसित क्षेत्रों के लिए भी विकास शुल्क प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। निर्माण वैध नहीं कराने पर निगम कार्रवाई करेगी।

100 वर्गमीटर तक: अनुज्ञा शुल्क का 15 गुणा
100-200 वर्गमीटर: अनुज्ञा शुल्क का 20 गुणा
200-300 वर्गमीटर: अनुज्ञा शुल्क का 25 गुणा
300-400 वर्गमीटर: अनुज्ञा शुल्क का 30 गुणा
400-500 वर्गमीटर: अनुज्ञा शुल्क का 35 गुणा
500-600 वर्गमीटर: अनुज्ञा शुल्क का 40 गुणा
600-700 वर्गमीटर: अनुज्ञा शुल्क का 45 गुणा
700 वर्गमीटर से अधिक: अनुज्ञा शुल्क का 50 गुणा

नया प्रावधान भी लागू किया

इधर नगर निगम ने अवैध भवन निर्माण के मामलों को वैध करने के लिए नया प्रावधान भी लागू किया है। जिन भवन मालिकों ने बिना अनुमति या नियमों के विपरीत निर्माण किया है, उन्हें नक्शा पास करने और भवन को वैध कराने का अवसर दिया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक गुरुवार को शाम 4 से 5 बजे निगम कमिश्नर की मौजूदगी में ऐसे प्रकरणों की सुनवाई की जाती है। इसमें पूर्ण और निर्माणाधीन अवैध निर्माण दोनों शामिल होंगे। निगम कमिश्नर ने भवन शाखा, सभी जोन कमिश्नर और संबंधित इंजीनियरों को अवैध निर्माण का चिन्हांकन कर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। राजीनामा योग्य प्रकरणों को विकास शुल्क और राजीनामा शुल्क लेकर नियमित किया जाएगा। भवन मालिक अपने समस्त दस्तावेजों के साथ सुनवाई में उपस्थित होंगे।

हमेशा सर्वे नहीं होता

अवैध निर्माण और नक्शे से विपरीत काम के लिए हमेशा सर्वे नहीं कराया जाता। इसमें शिकायत आने पर ही कार्रवाई होती है। जानकारी मिलने पर विधिवत तीन बार नोटिस दिया जाता है नहीं तो निर्माणकर्ता कोर्ट चले जाते हैं।

- पूजा विधानी,
महापौर

बेकाबू हुए चाकूबाज

अलग-अलग घटनाओं में छात्र सहित पांच लोगों पर हमला

बिलासपुर। अलग अलग घटनाओं में स्कूली छात्र सहित पांच लोगों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

चिंगरापारा निवासी परिजन ने बताया, उनका 12 वर्षीय बालक आत्मानंद स्कूल में कक्षा आठवीं का छात्र है। दोपहर में स्कूल की छुट्टी होने पर छात्र अपने दोस्त को सड़क पार करा रहा था। इसी दौरान उसके स्कूल के चार पांच छात्र आए और उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। सूचना मिलते पुलिस व परिजन मौके पर पहुंच गए। घायल मासूम छात्र को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पैसा देने से मना करने से चाकू से हमला

रतनपुर पुलिस के अनुसार, कोरबा हरदीबाजार सिल्ली बोईदा निवासी शिव सिंह पोर्ते पिता नारायण सिंह 12 अस्त को दोस्त के साथ बिलासपुर घूमने आए थे। रात 2.20 बजे दोनों वापस जा रहे थे। ग्राम कर्रा नेशनल हाइवे में स्कूटी सवार तीन युवक गाड़ी अड़ाकर शराब पीने के लिए पैसा मांगे। मना करने पर युवकों ने शिव सिंह के साथ हाथ मुक्का, लाठी से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है।

पुराना केस वापस नहीं लेने पर चाकू से हमला

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, लिंगियाडीह निवासी बबलू निषाद पिता बुधारू 12 अगस्त को घर के पास मंदिर में दोस्तों के साथ बैठा हुआ था। इसी दौरान लेखू, ननका, रवि कृष्णा आए और उसे पुराना केस वापस लेने के बोले। मना करने पर मारपीट कर सिर पर चाकू से हमला कर दिया।

जलसो में युवक पर चाकू से हमला

कोनी पुलिस के अनुसार, 12 अगस्त को जलसो निवासी संदीप केंवट रिश्तेदार रामरतन, आनंद केंवट के साथ गांव के दुकान की ओर जा रहे थे। इसी दौरान राजा वर्मा संदीप के साथ गाली गलौज करने लगा मना करने पर राजा वर्मा ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे उनके हाथ के भुजा में चोट आई है।

गाली देने से मना करने पर चाकू से हमला

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 12 अगस्त को कुदूदण्ड पानी टंकी निवासी शेख कालमि पिता शेख करीम को शेख सिराज गाली दे रहा था। मना करने पर शेख सिराज ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। माता पिता बीच बचाव करने आए हमलावर भाग निकला।

सोलर पैनल के नाम पर 4 लाख 50 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रिटायर्ड एसईसीएल अधिकारी से सोलर पैनल लगाने का झांसा देकर 4 लाख 50 हजार रुपए की ठगी कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, राजकिशोर नगर जगन्नाथपुरम कालोनी निवासी रिटायर्ड एसईसीएल अधिकारी विश्वनाथ पाण्डेय ने रिपोर्ट लिखाई। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल लगवाने जितेन्द्र मौर्य जेके ग्रुप के कर्मचारी ने नवंबर 2025 में उनके घर का सर्वे कर 10 किलोवाट सोलर सिस्टम का इंस्टालेशन करने का प्रस्ताव दिया, उसने 2 महीने में इंस्टालेशन पूर्ण करने का आश्वासन दिया। 28 नवंबर 2025 को उनके कहे अनुसार गर्मी को ध्यान में रखते हुए पीएम सूर्यघर मुफ्त योजना के तहत प्रस्ताव स्वीकृत कर 4 लाख 50 हजार में 10 किलोवाट सोलर सिस्टम का इंस्टालेशन की सहमति प्रदान कर आवेदन प्रस्तुत किया।

श्री पाण्डेय ने उन्हें आरटीजीएस, चेक व आनलाइन के माध्यम से 4.50 लाख रुपए दिया गया। भुगतान करने के बाद अब तक उनके द्वारा इंस्टालेशन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई है और फोन नहीं उठा रहे हैं। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर जितेन्द्र मौर्य, कुलविंदर सिंह धालीवाल के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

थ्री फेस कनेक्शन बना मुसीबत 3 माह से नहीं आया बिजली बिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली लोड को बढ़ता देख उपभोक्ताओं ने गर्मी के दिनों में थ्री फेस कनेक्शन लेकर विभाग को सहूलियत दी है, लेकिन अब यही उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत साबित हो रहा है। थ्री फेस करने के बाद बदले गए मीटरों में बिजली बिल नहीं मिल रहा है, जिसके चलते उपभोक्ताओं को अधिक बिल आने की डर सताने लगी है।

किसी के घर का बिजली बिल 3 माह तक नहीं आए तो उपभोक्ताओं को चिंता सताना लगती है, लेकिन विभाग के अधिकारियों से शिकायत के बाद भी समाधान नहीं मिलना समझ के परे है। दरअसल सकरी क्षेत्र के आए दिन बिजली की ट्रीपिंग और ओवर लोड से पीड़ित कई उपभोक्ताओं ने घरों में थ्री फेस करने लगाया है। उपभोक्ताओं को लगा था कि इससे बिजली ट्रांसफार्मर पर लगने वाला दबाव कम होगा और सहूलियत मिलेगी। विभागीय माथापच्ची के बाद उपभोक्ताओं के घरों में थ्री फेस कनेक्शन लगा दिए गए, लेकिन इसमें लगे मीटर कनेक्शनों से बिजली बिल जनरेट नहीं हो रहा है। हालत यह है कि मई में बदले गए मीटरों से अगस्त माह में भी बिल नहीं आ रहा है। जिससे उपभोक्ता हैरान-परेशान है। अब उन्हें 3-4 माह का बिजली बिल एक साथ आने की चिंता लग रही है।

बिल जारी करने का किया जाएगा निर्देश

जिन भी उपभोक्ताओं का बिजली बिल नहीं आ रहा है, उन्हें सहायक यंत्री कार्यालय से संपर्क करना चाहिए। मीटर का फोटो दिखाने के बाद बिजली बिल लिया जा सकता है। ऐसे उपभोक्ताओं के लिए अधिकारियों को जल्द से जल्द बिजली बिल जारी करने का निर्देश दिया जाएगा।

-एसके जांगड़े,
एसई, ग्रामीण सर्किल

गंभीर हालत में मिली महिला को डायल 112 ने पहुंचाया हास्पिटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बेलगहना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर दो पर 35 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली। महिला के पैर के साथ शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट के निशान थे।

स्टेशन मास्टर ने तत्काल डायल 112 को जानकारी दी। सूचना मिलते ही डायल 112 के आरक्षक रविशंकर यादव और चालक राकेश कुमार मौके पर पहुंचे। दोनों ने अन्य यात्रियों की सहायता से महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटा पहुंचाया। महिला ट्रेन में अवैध वेंडिंग करती है, जो ट्रेन से गिरने के कारण घायल हो गई थी।

राइनोप्लास्टी

नाक को सही (रिशेपिंग) करना
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

बिना क्रेडिट कार्ड से किए 1 लाख 47 हजार की खरीदी

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बंधवापारा इमलीभाठा निवासी लव कुमार साहू कपड़ा दुकान में सेल्स का काम करते हैं। उनके एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड से अगल अलग किश्तों में 1 लाख 47 हजार की खरीदी कर ली गई है, जबकि क्रेडिट कार्ड उनके पास है और उन्होंने अपने कार्ड का उपयोग नहीं किया है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

कोच मेंटेनेंस का कार्य भी कर दिया गया डिजिटल

बिलासपुर। एसईसीआर से चलने वाली ट्रेनों के मेंटेनेंस का कार्य अब डिजिटल किया जाएगा। इसकी शुरुआत जोन के मोतीबाग वर्कशाप के डिजीकारखाना के माध्यम से शुरु कर दी गई, जिसकी ओपनिंग जोन के महाप्रबंधक ने कर दी है।

मोतीबाग वर्कशाप जोन का कोच रिपेयरिंग वर्कशाप है। कोच के अनुरक्षण एवं संरक्षा मानकों को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाने की दिशा में वर्कशाप की ओर से डिजीकारखाना नामक एवं महत्वपूर्ण डिजिटल पहल सफलतापूर्वक विकसित एवं लागू की गई है। इस कस्टम बिल्ट साफ्टवेयर एप्लीकेशन के माध्यम से कोच अनुरक्षण से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं को पेपरलेस, व्यवस्थित एवं डिजिटल प्रणाली में परिवर्तित किया गया है, जिससे कार्यों की रियल टाइम निगरानी, डिजिटल रिकार्डिंग एवं बेहतर कार्य हो सकेगा। बिलासपुर मुख्यालय में आयोजित एक बैठक के दौरान महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने डिजी कारखाना एप का शुभारंभ किया। इस दौरान जोन के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक, वर्कशाप के मैनेजर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। डिजीकारखाना के अंतर्गत वर्कशाप के शॉप फ्लोर पर रणनीतिक स्थानों पर डिजिटल कियोस्क स्थापित किए गए हैं।

■ एसईसीआर के वर्कशाप के डिजीकारखाना में की गई शुरुआत

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

कार्यस्थल पर मिलेगा कर्मचारियों को स्वास्थ्य लाभ

बिलासपुर। रेलवे ने कार्यस्थलों में कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ उन्हें परामर्श और लाभ देने का काम शुरु किया है। क्षेत्रीय रेल प्रबंधक कार्यालय में कर्मचारियों के लिए बहुउद्देशीय स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में 162 कर्मचारियों की स्वास्थ्य की जांच एवं विभिन्न बीमारियों की स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान कर्मचारियों के रक्तचाप, मधुमेह, हाइट व वेट, ईसीजी तथा वेस्ट हिप रेशियों की जांच एवं मानिटरिंग की गई।

आप कितने स्वस्थ हैं?
जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज
₹1500/-
(20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज
₹2000/-
(40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि: स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411